卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 21 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦28 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## निजी स्कूल की प्रिंसीपल ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ओमेक्स कालोनी निवासी नगर के एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल रेनबो पब्लिक स्कूल की प्रिंसीपल ने अज्ञात कारणों के चलते संदिग्ध हालातों में घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस आत्म हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से करनाल हरियाणा निवासी सुयोग भारती का ट्रांसपोर्ट का करनाल में ही कारोबार है।



उसकी पत्नी 37 वर्षीय पायल भारती यहां ओमेक्स के गंगेज सी 107 में पति सुयोग भारती एवं दो पुत्रियों के साथ रह रही थी। शुक्रवार रात पायल ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फांसी लगा ली। जब पायल के पति सुयोग भारती घर लौटे। उन्होंने पत्नी पायल भारती पत्नी को पंखे से दुपट्टे से बने फांसी के फंदे झूलता देख घबरा गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के फ्लैट के लोग भी निकल आए। जिस वक्त पायल ने यह कदम उठाया, उनकी नौ वर्षीय छोटी बेटी घर में सो रही थी जबकि बड़ी बेटी एनसीसी कैंप में बाहर गई हुई है। आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पायल भारती के (शेष पृष्ठ सात पर)

## रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया लेखपाल

हरिद्वार (उद संवाददाता)। विजिलेंस टीम ने एक शिकायत पर हरिद्वार जिले में नियुक्त चकबंदी विभाग के एक लेखपाल को साढ़े सात हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस के अधीक्षक धीरेंद्र गुंज्याल ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने शिकायत की कि उसके पास गांव में 18 बीघा जमीन के अलावा अन्य गांव डौसनी में ही सुरेश कुमार यादव, निवासी सी-127 सुभाष नगर, रूडकी ( हरिद्वार ) तथा उनकी पत्नी



सरोज बाला की लगभग 24 बीघा जमीन है। जिनकी जमीन की बटाई के बदले में प्रतिवर्ष फसल पर वह किराये की रकम देता है। बाढ़ आपदा के कारण फसल बर्बाद होने के कारण मुआवजे के लिये दिये गये प्रार्थना पत्र के (शेष पृष्ठ सात पर)

## जिले में शीघ्र शुरू होंगे धामी के चार महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट

### कुल 1546.91 करोड़ की लागत से तैयार होंगी चारों योजनाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षी चार पेयजल योजनाओं सितारगंज, किच्छा, रूद्रपुर तथा काशीपुर के लिए तैयार डीपीआर की जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को देर रात्रि तक जिला कार्यालय सभागार में विस्तार से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि यह योजनाएं मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाएं निर्माण से जनपद के चारों शहरों में प्रतिदिन 24 घण्टे पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि डीपीआर में प्रत्येक घर शामिल हो। उन्होंने नगर निगम, जल संस्थान तथा सम्बन्धित निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे योजना का भलि भाँति परीक्षण कर लें और डीपीआर का प्रस्तुती करण सभासदों एवं पार्षदों के सम्मुख कराया जाये ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न रहे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारियों (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार और ई रिक्शा की भिड़ंत में तीन घायल

गदरपुर( उद संवाददाता)। तेज रफ्तार कार और ई रिक्शा की आमने-



सामने की टक्कर में युवती सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और पुलिस के सहयोग से कार सेवा के बाबा सादा सिंह के वाहन से घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम सरोवर नगर निवासी बलवीर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह ई रिक्शा से सवारी लेकर गदरपुर आ रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम मोतियापुर( शेष पृष्ठ सात पर)

## समाजसेवी एवं ट्रांसपोर्टर मतलीम खान का हार्ट अटैक से निधन

लालकुंआ( उद संवाददाता)। वरिष्ठ ट्रांसपोर्ट व्यवसायी एवं मोटर मिस्त्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मतलीम खान का हृदय गति रुकने से निधन हो गया, उनके



निधन से जहां क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है, वहीं परिवार में कोहराम मचा है। वार्ड नंबर एक नई बस्ती निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं मोटर मिस्त्री एसोसिएशन के अध्यक्ष 52 वर्षीय मतलीम खान को आज तड़के 3 बजे सीने में तेज दर्द उठा, उन्होंने अपने दामाद फिरोज खान को जगाया और तबीयत खराब होने की जानकारी दी, जिसके बाद फिरोज ने तुरंत कार निकालकर उन्हें हल्द्वानी अस्पताल के लिए निकले लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हल्द्वानी के एक निजी चिकित्सालय में पहुंचे तो चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मतलीम खान की मौत से उनके परिवार में कोहराम मचा( शेष पृष्ठ सात पर)

## अनूप अग्रवाल की गिरफ्तारी न होने से प्रतीक के परिवार को सता रहा है जान का खतरा

काशीपुर( उद संवाददाता)। आपत्तिजनक वीडियो दिखाकर रिश्ते के भतीजे से 40 लाख रूपयों की रंगदारी मांगने तथा डिमांड ना पूरी होने पर हत्या के प्रयास जैसी सनसनी खेज वारदात को अंजाम देने के मुख्य आरोपी अनूप अग्रवाल तथा उसके साथियों को पुलिस अब तक गिरफ्तारी नहीं कर सकी। संगीन धाराओं में फरार चल रहे है अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने के कारण पीड़ित परिवार अनहोनी की



आशंका को लेकर बेहद दहशत में है। प्रतीक अग्रवाल (शेष पृष्ठ सात पर)

### हथियारों से लैस होकर खुलेआम करता है दबंगई

काशीपुर। व्यापारी अनूप अग्रवाल का आतंक पिछले कई वर्षो से शहर में लोगों के सिर चढकर बोल रहा है। जब तक उसे राजनैतिक संरक्षण प्राप्त था दो-तीन गाड़ियों में 15-20 बदमाशों के साथ हथियारों से लैस होकर वह खुलेआम दबंगई करता रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में महिला गायब

काशीपुर( उद संवाददाता)। एक महिला घर से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी मोहम्मद रईस की 32 वर्षीय पत्नी बीते 21 अक्टूबर की शाम लगभग 5:00 बजे परिजनों को बगैर बताएं घर से कहीं चली गई। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर महिला की तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मामले की तहरीर पुलिस को देने पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्जकर गायब महिला का पता लगाना शुरू कर दिया है।

## ‘शरद पूर्णिमा’ पर इस बार ‘विषाक्त’ हो सकती है ‘खीर’

### आकाशीय अमृत वर्षा पर इस दफे चंद्र ग्रहण का साया, तनिक सी असावधानी से हो सकता है बड़ा अनिष्ट, रखनी होगी यह विशेष सावधानी

-अर्श-

रूद्रपुर। अश्विन मास की पूर्णिमा से ही शरद ऋतु प्रारंभ होती है और इसी कारण इसे शरद पूर्णिमा कहा जाता है। शरद पूर्णिमा का हिंदू धर्म में खास महत्व है, कहते हैं कि इस दिन मां लक्ष्मी एवं मां तुलसी विचरण करने के लिए धरती पर आती हैं और इसी दिन आकाश से अमृत वर्षा भी होती है। इसी कारण लोग इस दिन खीर बनाते हैं और उसे भगवान को अर्पित करने के बाद रात भर खुले आकाश के नीचे रखते हैं तथा दूसरे दिन इस खीर का प्रसाद के रूप में सेवन करते हैं। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में आकाश से जो अमृत वर्षा होती है, उसके विशिष्ट गुण खुले आसमान के नीचे रखी गई खीर में समाहित हो जाते हैं। इस खीर का सेवन करने से व्यक्ति पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा होती है साथ ही खीर में समाहित हुए





अमृत के प्रभाव से व्यक्ति की काया पूरे वर्ष निरोगी बनी रहती है। मगर शरद पूर्णिमा की विशिष्ट एवं शुभ प्रभाव वाली इस बार की खीर विषाक्त भी हो सकती है। वह इसलिए क्योंकि शरद पूर्णिमा की मध्य रात्रि को ही चंद्र ग्रहण भी है और यदि चंद्र ग्रहण के समय खीर खुले आसमान के नीचे रखी रह गई, तो उसमें ग्रहण के दुष्प्रभाव भी समाहित हो सकते हैं और उसके सेवन से कोई बड़ा अनिष्ट भी हो सकता है। लिहाजा इस दफे खीर को बनाने से लेकर उसे खुले आसमान के नीचे रखने और उसे समय रहते खुले आसमान के नीचे से हटाने के लिए कुछ विशेष सावधानियां रखनी होगी। तभी शरद पूर्णिमा की इस विशिष्ट एवं शुभ प्रभाव वाली खीर का लाभ लिया जा सकेगा। क्योंकि इस बार की शरद पूर्णिमा पर ही खंडग्रास चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है ,ऐसे में इसका सूतक काल 9 घंटे पहले लागू हो जाएगा। बता दें कि सनातन मान्यता के अनुसार इस काल में पूजा पाठ एवं शुभ धार्मिक अनुष्ठान नहीं किए जाते, ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर खीर कब बनेगी (शेष पृष्ठ सात पर)

# अस्पताल से हरीश रावत हुए डिस्चार्ज

## सीबीआई ने बढ़ाई पूर्व सीएम हरीश रावत और हरक सिंह की मुश्किलें स्टिंग प्रकरण में वॉयस सैंपल देने के लिए सात नवम्बर को बुलाया दिल्ली



देहरादून( उद संवाददाता)। सड़क हादसे में चोटिल जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती पूर्व सीएम हरीश रावत को समन देने सीबीआई अस्पताल ही पहुंच गई। स्टिंग मामले में पूर्व मंत्री रहे हरक सिंह रावत को भी सीबीआई ने उनके आवास पर जाकर समन भेजा गया है। शुक्रवार को अस्पताल में समन देने पहुंची सीबीआई को लेकर हरीश रावत ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी है। वहीं हादसे में घायल पूर्व सीएम की कुशलछेम पूछने सीएम पुष्कर सिंह धामी भी हिमालयन अस्पताल पहुंचे थे जबकि देर सायं हरीश रावत को अस्पताल से डिस्चार्ज मिल गया है। हरीश रावत ने



सोशल मीडिया पर फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि आज जौलीग्रांट हॉस्पिटल में मेरे स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए एक बड़ी महत्वपूर्ण संस्था भी आई, सीबीआई के दोस्त आये और उन्होंने मुझे एक नोटिस सर्व किया, तो मुझे बड़ा ताज्जुब हुआ। मैंने कहा जिस दिन हॉस्पिटल में लोग स्वास्थ्य का हाल-चाल पूछने आ रहे हैं तो सीबीआई को लगा होगा फिर कहीं कि मुझसे, देश की अखंडता, एकता, सुरक्षा और लोकतंत्र को कुछ ज्यादा खतरा है, इसलिये हॉस्पिटल में ही उन्होंने मुझे नोटिस सर्वे किया है, वाह सीबीआई!! गौरतलब है कि वर्ष 2016 में उत्तराखंड के तत्कालीन सीएम और विधायकों के बहुचर्चित स्टिंग प्रकरण में सीबीआइ ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत को वायस सैंपल देने का नोटिस दिया है। शुक्रवार को सीबीआइ ने हरीश को हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में, जबकि हरक सिंह को उनके डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर नोटिस थमाया। दोनों नेताओं को सात नवंबर को सैंपल देने के लिए दिल्ली बुलाया गया है। वर्ष 2016 में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार में बगावत के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत का एक न्यूज चैनल द्वारा कथित स्टिंग का वीडियो प्रसारित किया गया था। हांलाकि लंबी कानूनी प्रकिंया के बावजूद पूर्व सीएम हरीश रावत की सरकार बहाल हो गई थी। जबकि स्टिंग प्रकरण की सीबीआई जांच को लेकर मामला अब भी न्यायालय में विचाराध ीन है। लंबे अंतराल के बाद अब नैनीताल हाई कोर्ट ने इस मामले में सीबीआइ जांच के आदेश दिए थे। सीबीआइ ने वीडियो में जो आवाज हैं, उनके मिलान के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी थी। अदालत ने गत चार जुलाई तक सभी नेताओं को जवाब दाखिल करने को कहा था। जबकि 15 जुलाई को पूर्व सीएम हरीश रावत, पूर्व केबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत और विधायक मदन बिष्ट ने अदालत में अपना जवाब दाखिल किया था।

# कार्तिक मास की प्रभात फेरियां शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म सभा रुद्रपुर द्वारा श्री सनातन धर्म स्त्री सत्संग सभा रुद्रपुर के नेतृत्व में कार्तिक महात्म का पावन पर्व आज से प्रारंभ हुआ। प्रात: काल 4:30 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के मुख्य द्वार पर गणेश वंदना के साथ प्रभात फेरी प्रारंभ हुई और प्रभु के नाम का गुणगान करते हुए 6 बजे वापस लक्ष्मी नारायण मंदिर में पहुंची। मंदिर में पंडित पुष्पेंद्र शास्त्री द्वारा कार्तिक महात्म की कथा सुनाई गई। प्रभात फेरी का स्वागत और सत्कार पुरुषोत्तम अरोड़ा ने अपने निवास पर एवं गुरमुख नाथ चिल्लाना ने श्री दुर्गा मंदिर रुद्रपुर में किया। श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर ने दोनों परिवारों को धार्मिक ध्वज देते हुए प्रभु चरणों मे दोनों परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। श्री बब्बर ने बताया कि कार्तिक माह में 27 नवंबर तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी में सुरेश राजदेव, संदीप धीर, भूपेंद्र अनेजा, बलदेव राज खेड़ा, दीपक गुगलानी, श्री सनातन धर्म स्त्री सत्संग सभा की अध्यक्ष श्रीमती शशि अरोड़ा, आकांक्षा अनेजा, ललिता कक्कड़, सीमा दुनेजा, सुदेश ढींगरा, शोभा मिड्ढा आदि शामिल थे।





# फायर फाइटिंग का दिया प्रशिक्षण

किच्छा( उद संवाददाता)। हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल चल रहे 1 यू०के एयर स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में फायर ऑफिसर प्रकाश चंद्र पांडे की टीम द्वारा फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण कैडेटों को दिया। उन्होंने अग्निशमन यंत्रो द्वारा आग बुझाने के तरीकों की भी जानकारी दी। इससे पूर्व एसडीआरएफ के निरीक्षक बालम सिंह बजेली के नेतृत्व में एसडीआरएफ के



जवानों ने विभिन्न प्रकार की आपदाओं में राहत कार्य, राहत के समय स्ट्रेचर निर्माण, प्राथमिक उपचार, पानी में डूबने पर राहत कार्य की विस्तृत जानकारी कैडेटों को प्रदान की। प्रात: सत्र में विभिन्न एनसीसी उपवाहिनियों के मध्य ड्रिल प्रतियोगता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैम्प कमांडर विंग कमांडर निशांत पंवार, समस्त सहयोगी एनसीसी अधिकारी और ट्रेनिग इंस्ट्रक्टर मौजूद रहे।

# कार्तिक मास की कथा का शुभारम्भ

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में शरद पूर्णिमा पर कार्तिक मास की कथा का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि कार्तिक मास भगवान को अति प्रिय है इसमें किया हुआ व्रत,दान,नियम तथा कीर्तन अनंत फल देने वाला होता है। प्रसाद की सेवा वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री जय भवानी जागरण मंडल के संरक्षक श्री पवन बजाज जी के द्वारा अपने सुपुत्र अनमोल बजाज के जन्मदिन की खुशी में दी गई। इस दौरान दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



# ग्रहण के चलते मंदिर के कपाट रहेंगे बंद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चन्द्रग्रहण के चलते आज शाम मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। जानकारी देते हुए श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर ने बताया कि आज रात्रि 1 बजकर 5 मिनट पर चंद्र ग्रहण लगना है। इस कारण आज शाम को 4 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं श्री हरि मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। कल 29 अक्टूबर को प्रात: काल 4 बजे मंदिर के कपाट पुन: खुलेंगे।

# नकाबपोश हमलावरों के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों ग्राम बिंदुखेड़ा पुलिया के पास खड़े युवक पर हमला कर उसका मोबाईल छीनने का प्रयास करने वाले नकाबपोश हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में ग्राम रायपुर निवासी मलकीत सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह ने कहा है कि 11 अक्टूबर की रात्रि उसका पुत्र राज सिंह बिन्दुखेड़ा से बाहर नहर वाली पुलिया पर बिन्दुखेड़ा से घर रायपुर आने के लिए विशाल का इन्तजार कर रहा था। तभी वहाँ पर रिम्पू सिंह उर्फ रिम्पी पुत्र कश्मीर सिंह निवासी बिन्दुखेड़ा अपने 3 अन्य साथियों जो कि कपड़े से मुँह ढके हुये पुत्र के पास आकर उसे घेर लिया और उससे मारपीट करने लगे। रिम्पू सिंह नें पुत्र के सिर पर तमचें की बट से वार किया जिससे उसकी आँख के उपर चोट आई । उन्होंने पुत्र का मोबाइल छीनने का प्रयास किया। जिसमें वे सफल नहीं हो पाये। तभी वहाँ पहुंचे विशाल सिंह व फौजी ने उसके पुत्र को उक्त हमलावरों से बचाया। हमलावर पुत्र को जान से मार देने की धमकियाँ देते हुये भाग गये। घटना की सूचना मिलने पर उसने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी 112 नंबर पर पुलिस को दी । पुलिस ने उसके पुत्र को जिला चिकित्सालय पहुचाकर उसका इलाज कराया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किसानों को किये चेक वितरित

गदरपुर( उद संवाददाता)। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने गदरपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आयोजित हर घर किसान क्रेडिट कैम्प में किसानों को सम्मानित कर उन्हें 1 करोड़ 74 लाख के चैक वितरित किए। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा रूद्रपुर क्षेत्र प्रमुख मिहिर कुमार झा जी सहित अन्य सम्मानित अधिकारिगण उपस्थित रहे।



# वाल्मीकि जयंती की दी शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने सामाजिक सद्भाव और समानता का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जमीन की सतह से धर्म की पराकाष्ठा प्राप्त करने वाले एक ममर्ज्ञ महात्मा थे जिन्होंने आदिकाव्य रामायण जैसी कालजयी रचना कर समाज को सत्य, कर्त्तव्यनिष्ठा एवं सन्मार्ग पर चलने का मार्ग दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा दी गई सामाजिक समरसता, सद्भाव तथा मानवता जैसे नैतिक मूल्यों की आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिकता है। उनके विचार एवं आदर्श हमें समतामूलक समाज की स्थापना की प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को महर्षि वाल्मीकि के महान दृष्टिकोण एवं उनके द्वारा दी गई शिक्षा को अपने व्यवहार में अपनाने का संकल्प लेना होगा।

# पड़ोसियों ने मारपीटकर किया लहूलुहान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला से हुए विवाद के बाद रात्रि में पड़ोसियों ने महिला क पति पर हमला कर उसे लहूलुहान कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में पिंकी सिंह पत्नी अनूप कुमार निवासी शिवनगर ट्राजिट कैम्प ने कहा है कि 25 अक्टूबर को उसका संदीप से कुछ वाद विवाद हो गया था। जो उस समय शांत हो गया। रात्रि उसका पति अनूप टुकटुक चला कर अपने घर के बाहर टुकटुक पार्क कर ही रहे थे कि तभी संदीप, उसकी पत्नी प्रीति, बहनोई विनोद कुमार, विनोद की पत्नी, उनका बेटा उसके पति से आकर गाली गलोच करने लगे। जब पति ने इसका विरोध किया तो उक्त लोग पति को लोहे की रॉड से मारने लगे जिससे पति का सर फूट गया । पिंकी ने कहा है कि उक्त लोगो ने धमकी दी है कि तुझे व तेरे पूरे परिवार को जिंदा नहीं छोडेंगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर के बाहर खड़ी मोटरसाईकिल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने ट्रांजिट कैम्प में घर के बाहर खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में परिमल देव शर्मा पुत्र हरिंद्र नाथ देव शर्मा निवासी वार्ड 3 ट्रांजिट कैंप ने कहा है कि उसने घर के बाहर अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एडी 4294 खड़ी की थी। 19 अक्टूबर को सुबह घर के बाहर आया तो देखा उसकी मोटर साइकिल अपनी जगह पर नहीं थी काफी खोजबीन के बाद भी गाड़ी नहीं मिली।

# तीन दिवसीय महान गुरमत समागम का शुभारम्भ

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के गुरु गद्दी दिवस को समर्पित अमृत प्रचार संगत के तत्वाधान में तीन दिवसीय महान गुरमत समागम का शुभारंभ गैट पॉलिटेक्निक दोराहा में किया गया । अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ के भोग एवं अरदास के साथ किया गया प्रथम दिन भाई जगजीत सिंह जी,सहजपाल सिंह जी,पटियाला, रागी जत्था भाई हरजोत सिंह जी जख्मी जालंधर एवं भाई भगता सिंह जी अमृतसर वाले, रागी भाई दविंदर सिंह



बोदल होशियारपुर , कथावाचक ज्ञानी गुज्जर सिंह असंध, ज्ञानी नरेंद्र सिंह करनाल द्वारा संगत को कीर्तन एवं कथा द्वारा निहाल किया गया इस दौरान बाबा जगजीत सिंह द्वारा चार बच्चों को सुंदर दस्तार सजाकर उन्हें आशीर्वाद दिया गया आत्मजीत सिंह,दिलजीत सिंह,गुरजोत सिंह और परमजीत सिंह ने हमेशा अपने सिर पर दस्तार सजाने और सिक्खी स्वरूप में रहने का संकल्प लिया वही गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा किला खेड़ा के सेवादारों द्वारा जोड़ा घर में निष्काम सेवा की जा रही है । तीन दिवसीय गुरमत समागम में देश-विदेश और क्षेत्रीय संगत द्वारा भारी संख्या में सहभागिता करके अपनी हाजिरी लगाई जा रही है वहीं 3 दिन लगातार गुरु का लंगर भी आयोजित किया जा रहा है । सैकड़ो की संख्या में सेवादार सेवा में लगाए जाने के साथ डॉक्टरी सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है ।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# खेल महाकुंभ के लिए स्कूलों में वितरित करायें आवेदन फार्म

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में आगामी 31 अक्टूबर से न्याय पंचायत स्तर से विकास खण्ड व जिला स्तर पर खेल महाकुंभ के आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि न्याय पंचायत स्तर तक आयोजित खेल महाकुंभ में अधिक से अधिक प्रतिभागी प्रतिभाग करें। इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार व खेलों के प्रति जागरुक करते हुए आवेदन फार्म अधिक से अधिक युवाओं में वितरित कर भरवाये जाएं ताकि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि सभी आयोजन स्थलों में आवश्यक सुविधाएं दवाईयां, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो और अधिक से अधिक युवा इसमें प्रतिभाग कर सकें। सीडीओ ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यालयों में आयोजित प्रार्थना, सभाओं में छात्र छात्राओं को जागरूक करने के साथ ही आवेदन फार्म वितरित कराया जाएं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सार्वजनिक स्थानो, ग्राम पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत कार्यालय सहित मुख्य-मुख्य कार्यालयों में पोस्टर,



फ्लैक्सी चस्पा किए जाए। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये के विकास खण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करते हुये खेल प्रतियोगिता आयोजन स्थल पर आवश्यक दवाईयों के साथ चिकित्सकीय टीम को उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। उन्होने युवा कल्याण, खेल विभाग, शिक्षा विभाग,पुलिस पंचायती राज विभाग समेत अन्य विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि न्यायपंचायत स्तर पर रोस्टर तैयार कर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुये आमंत्रीत भी किया जाये। बैठक में जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत ने अवगत कराया कि खेल महाकुंभ के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं विभिन्न वर्गों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने अवगत कराया कि न्याय पंचायत स्तर पर 31 अक्टूबर से 15 नवंबर तक, विकासखंड स्तर पर 16 नवंबर से 30 नवंबर तक, जनपद स्तर पर 01 दिसंबर से 15 दिसंबर तक तथा राज्य स्तर पर 16 दिसंबर से 30 जनवरी तक खेल महाकुंभ में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी/जिला पंचायतराज अधिकारी गौरव पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल सहित खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# निर्वाचन नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार नगर निगम रूद्रपुर, काशीपुर एवं जनपद की समस्त नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतों (नगर पालिका परिषद-बाजपुर को छोड़कर) की निर्वाचन नामावलियों (मतदाता सूचियों) के विस्तृत पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया है। उन्होने बताया कि 02 नवम्बर से 06 नवम्बर, 2023 तक नागर निकायवार विस्तृत पुनरीक्षण हेतु संगणको, पर्यवेक्षकों तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों आदि की नियुक्ति तथा कार्यक्षेत्र आवंटन, 07 नवम्बर से 09 नवम्बर तक प्रशिक्षण, 14 नवम्बर से 08 दिसम्बर तक संगणक द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण, 09 दिसम्बर से 13 प्रारूप नामावली पण्डुलिपि तैयार की जायेगी। उन्होने बताया कि 14 दिसम्बर से 07 जनवरी, 2024 तक प्रारूप निर्वाचन नामावलियों की डाटा एन्ट्री, 08 जनवरी 2024 को निर्वाचन नामावलियों के आलेख प्रकाशन किये जायेगें। उन्होने बताया कि 09 जनवरी से 15 जनवरी, 2024 तक निर्वाचन नामावलियों के आलेख के निरीक्षण तथा दावे/आपत्ति दाखिल किये जा सकेंगे, 16 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक दावे तथा आपत्तियों के निस्तारण किया जायेगा। 23 जनवरी से 01 फरवरी 2024 तक पूरक सूचियों की डाटा एन्ट्री की जायेगी एवं 02 फरवरी 2024 को निर्वाचन नामावलियों का जनसामान्य के लिये अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# वाल्मीकि जयंती की शोभा यात्रा का भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने महर्षि भगवान वाल्मीकि जी की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक समितियों द्वारा निकाली गई शोभा यात्राओ में प्रतिभाग कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सर्व प्रथम महर्षि वाल्मीकि मंदिर सेवा समिति रम्पुरा रुद्रपुर द्वारा महर्षि भगवान वाल्मीकि की जयंती पर निकाली जा रही शोभायात्रा में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया और समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना कर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जीवन को जन-जन के हृदय में सदैव के लिए जीवंत बनाने का भगीरथ कार्य किया। यह कालजयी रचना प्रभु श्री राम द्वारा स्थापित आदर्शों से समाज को प्रेरित कर धर्म का मार्ग दिखा रही है। इस दौरान उपस्थित अतिथि पार्षद प्रमोद शर्मा , शालू पाल, भुवन गुप्ता, हरीश चौधरी पार्षद रजनी रावत,रामपुर कमेटी बिट्टू वाल्मिकी, मनोज वाल्मिकी, बंटी वाल्मिकी, सुनील वाल्मिकी, गोविंदा वाल्मिकी, अजय वाल्मिकी, राहुल बाबू, सोनू, अनिल, मुकेश, हैप्पी, ध्रुव, कुनाल राजपाल, आशीष, मोहित, अनुज, विक्की वाल्मीकी, मुकेश राजोरिया आदि शामिल थे।

# एनटीएफ ने एनसीसी कैडेट्स को किया जागरूक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम यूनिट प्रभारी बसंती आर्या द्वारा किच्छा स्थित हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल में एनसीसी के छात्र छात्राओं को मानव तस्करी, बाल विवाह, यातायात के नियमों नशे के दुष्परिणामो आदि के संबंध में जागरूक करते हुए उत्तराखंड पुलिस एप की जानकारी दी गई। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित समस्त स्कूल स्टाफ के अधिकारी कर्मचारियों के मोबाइल में उत्तराखंड पुलिस एप डाउन लोड करवाया गया और उत्तराखंड पुलिस एप के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान व टोल फ्री नंबर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर अपराध 1930 तथा 112 की जानकारी भी दी गई ।









# सेवादल के पदाधिकारियों का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस की मजबूती के लिए सेवादल को मजबूत बनाना आवश्यक है। यह बात विधायक सुमित हृदयेश ने उत्तराखंड कांग्रेस सेवादल की राज्य प्रभारी एस. प्यारी.जान, प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कुमाऊँ-मंडल



प्रभारी राजेन्द्र चन्द्र दुर्गापाल द्वारा जिला नैनीताल तथा महानगर हल्द्वानी के बरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस भवन स्वराज आश्रम में आयोजित बैठक की बैठक के दौरान अपने संबोधन में कही। जिसमें उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सेवादल के प्रमुख कार्यक्रमों हर माह के अंतिम रविवार को राष्ट्रीय ध्वजवंदन, एक गांव एक रात, एक दिवसीय कार्यशालाएं, जिला, प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविरों, कार्यकर्ता सम्मेलनों के आयोजन के माध्यम से सेवादल में नये युवाओं को प्रशिक्षित करने तथा आमजन के बीच राष्ट्रहित एवं जनहित की जागरूकता लाने का आह्वान किया। विधायक सुमित ने सेवादल के उच्च पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए सेवादल का एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण और सम्मेलन आयोजित कराने का प्रस्ताव भी रखा। जिसका सभी उपस्थित सेवादल कार्यकर्ताओं तथा कांग्रेस नेताओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। बैठक को कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त सिंह बगड्वाल, प्रदेश सचिव सतीश नैनवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राहुल छिमवाल, सेवादल राज्य प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, कुमाऊँ मंडल प्रभारी ने संबोधित किया। इससे पूर्व सेवादल जिलाध्यक्ष मनोज दानू, महानगर हल्द्वानी महिला उपाध्यक्ष जानकी जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष बरेली रोड हरीश चन्द्र शर्मा, भोटिया पड़ाव ब्लॉक अध्यक्ष असलम, ब्लॉक अध्यक्ष बिन्दुखत्ता किशन आर्य, नगर पंचायत अध्यक्ष लालकुंआ गोपाल बत्रा सहित कमला तिवारी, महिला सेवादल अध्यक्ष विमला जोशी, मौ.हारून सलमानी, मौ.कमर, सोनू, नीरज कुमार, तनवीर आलम, संजू उप्रेती, रोहित भट, महेंद्र सिंह आदि ने अतिथियों का स्वागत किया और अपने अपने परिचय के साथ साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंत में कुमाऊँ मंडल प्रभारी राजेन्द्र चन्द्र दुर्गापाल ने सभी अतिथियों एवं सेवादल प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया और वंदेमातरम गीत से प्रारंभ बैठक का राष्ट्रगान एवं सेवादल के दो नारों के साथ समापन हुआ।

# भगवान वाल्मीकि समाज के लिए प्रेरणास्रोत: ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भगवान वाल्मीकि जयंती पर समर्थकों के साथ रुद्रपुर नगर निगम एवं रम्पुरा वार्ड नंबर 22 वाल्मीकि मंदिर में भगवान वाल्मीकि जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया । इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने श्री राम के जीवन से जुड़ा महाकाव्य लिखकर समाज को एक नई दिशा देने का काम किया। उनके द्वारा रचित रामायण मर्यादित समाज व आत्म संयम , परिवार व समाज निर्माण आदि की शिक्षा देता है। राम चरित्र मानस श्री राम के जीवन का महाकाव्य है। इस दौरान संजय ठुकराल, बंटी राजोरिया ,विपिन राजपूत ,आदि शुक्ला, नासिर सलमान ,संजय राठौर ,जॉमी चंडा राहुल सरीन, बॉबी टुटेजा, राजवीर सिंह विर्क, दीपक सागर, त्रिलोचन सिंह, हिम्मत राम कोली, योगराज कोली, सुखलाल कोली, मेवाराम कोली, कुलदीप कोली, परमानंद आर्य, राजू गुप्ता, तालेब कोली, हरिराम कोली ,नाथूलाल कोली ,घनश्याम कोली, कृष्णा कोली, आकाश





कोली ,अमन कोली मुकेश कोली ,शुभम कोली ,दीप कोली, दीपक कोली, अनिल कोली, रामसेवक कोली, हरीश कोली ,बाबूराम कोली, सुशील सागर ,बाबू कोली, चंद्रपाल कोली राजू गुप्ता ,धर्मेंद्र कोली, चंद्रपाल लाल जी, नत्थू लाल , रजनीश दिवाकर, आशीष श्रीवास्तव, महिंद्रा आर्य, कमल राणा, मोंटी खेड़ा, अक्षत चंदोला, राकेश कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार, सोनू मुल्तानी, युवराज, विपिन ,राहुल, सुरेंद्र सौरव आजाद संजय राजोरिया ,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# रात्रि चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## समस्याओं के निस्तारण तथा योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचाने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी जनता से जुड़ें : डा.पांडे





खटीमा(उद संवाददाता)।सरकार की मंशा के अनुरूप सचिव मुख्यमंत्री, आवास, वित्त विभाग उत्तराखण्ड शासन डॉ.एसएन पाण्डे ने सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत गुरूवार की रात्रि में दाह ढ़ाकी पहुंचकर सेन्ट फ्रान्सिस स्कूल में रात्रि चौपाल लगाकर जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ के एवं निर्धन व्यक्ति जो सरकार एवं शासन तक नहीं पहुॅच पाते हैं, ऐंसे व्यक्तियों के लिए राज्य सरकार ने 'सरकार जनता के द्वार'' कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी स्तर के अधिकारियों को भी ग्राउण्ड स्तर पर रात्रि चौपाल हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश हैं कि शासन स्तर के अधिकारी भी गांव-गांव जाएं और चौपाल लगाकर समस्याएं सुनें, समझें और शासन स्तर की समस्या है तो उनको शासन स्तर पर लाकर समाधान करें, जनहित में पॉलिसी परिवर्तन से सम्बन्धित है तो वह भी किया जाए। डॉ.पाण्डे ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी तथा कर्मचारी दो तरफा संवाद कायम करते हुए जनता से सीधे जुड़ें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र व्यक्ति के अपने ऑफिस पहुॅचने का इन्तजार न करें, बल्कि क्षेत्र में जाकर पात्र व्यक्तियों को लाभांवित करने का कार्य करें ताकि सरकार जनता के द्वार की संकल्पना को और अधिक बेहतर ढंग से साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि समस्याओं के निस्तारण तथा योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुॅचाने के लिए प्रक्रियाएं सरल हों और अधिकारी एवं कर्मचारी जनता से जुड़ें। उन्होंनें सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये। रात्रि चौपाल में लगभग 31 गांववासियों द्वारा समस्याएं रखी गई, जिसमें से अधिकांश समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया गया। प्रमुख समस्याओं में गांव वासियों अमरदीप सिंह, गुरमेल सिंह, मेजर चन्द, गुरप्रीत सिंह, भूपेन्द्र सिंह, गुरपाल सिंह, ओमेन्द सिंह आदि ने दाह ढ़ाकी में देहवा व प्रवीन नदी से हो रहे भू-काट को रोकने की मांग की, जिस पर सचिव डॉ. पाण्डे ने भू-कटाव रोकने तथा बाढ़ सुरक्षा कार्य स्थायी तौर पर किये जाये और अस्थायी कार्य न किये जाये। उन्होंने ज्यादा बड़े कार्य होने पर चरणबद्ध योजना तैयार करने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिये। कुछ गांववासियों द्वारा आयुष्मान कार्ड तथा आभा आईडी बनवाने की मांग की, जिस पर डॉ.पाण्डे ने क्षेत्र में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड तथा आभा आईडी बनवाने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिये। रिटायर्ड प्रवक्ता शिव भगवान मिश्रा ने सेवा का अधिकार आयोग से उनके पक्ष में निर्णय आने के बावजूद खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्णय का अनुपालन न करने की शिकायत की, जिस पर डॉ. पाण्डे ने निर्णय का अनुपालन कराने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिये कि खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्णय का अनुपालन करने में हीला-हवाली बरती जाती है तो तत्काल स्पष्टीकरण लेने के भी निर्देश दिये। ग्राम वासियों ने दाह-ढाकी को सीधे राज्य की सड़क से जोड़ने अर्थात यूपी होते हुए खटीमा न आना पड़े, इस हेतु नदी पर पुल व सड़क निर्माण की मांग की, जिस पर डॉ.पाण्डे ने लोनिवि, राजस्व तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को संयुक्त सर्वे करने के निर्देश दिये। जोगिन्दर सिंह तथा गांववासियों ने दाह ढाकी में बरसात के पानी की उचित निकासी हेतु लोहिया नाले को नियमानुसार खुलवाने की मांग की, जिस पर सचिव डॉ.पाण्डे ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को नियमानुसा कार्यवाही करने तथा यूपी सिंचाई विभाग के अभियंताओं से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये। सदस्य राज्य किसान आयोग कारज सिंह गिल ने कब्रिस्तान की चाहर दीवारी निर्माण कराने की मांग की, जिस पर डॉ.पाण्डे ने जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी को चाहर दीवारी निर्माण हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कारज सिंह ने गुरपाल सिंह के घर से खैरा फार्म तक रोड रिपेयरिंग कराने, कारज सिंह गिल ने खैरा फार्म से लेकर मंजीत सिंह के घर की ओर नया रोड बनाने आदि की मांग की। रात्रि चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला सेवा योजना अधिकारी आरके पन्त, सदस्य राज्य किसान आयोग कारज सिंह गिल आदि उपस्थित थे।

# विज्ञान महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कालेज में आयोजित दो दिवसीय जनपदीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थियों ने स्व निर्मितअनेक मॉडल प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि विकास शर्मा प्रदेश महामंत्री भाजपा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती रजनी रावत पार्षद कार्ड 26, आयोजक अधिकारी रमेश चन्द्र आर्या मुख्य शिक्षा अधिकारी, स्थलीय संयोजक दयाशंकर पाण्डेय प्रधानाचार्य अटल उत्कृष्ट आ०ना०झा रा० का० रुद्रपुर थे। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने बाल वैज्ञानिकों को विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रोत्साहित किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र आर्या ने आगे हुए समस्त बाल वैज्ञानिकों को विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार कार्य हेतु प्रेरित किया । जनपदीय विज्ञान महोत्सव में विज्ञान प्रदर्शनी में उपविषय - स्वास्थ्य, पर्यावरण के लिए जीवन शैली, कृषि, संचार एवं परिवहन, संगणात्मक चिन्तन और प्राइम प्रतियोगिता में उपविषय श्री अन्न ( मोटा अनाज) श्रेष्ठ आधार, खाद्य सुरक्षा, दैनिक जीवन में आधुनिक तकनीक, स्वास्थ्य देखभाल में वर्तमान प्रगति, समाज में अंध विश्वास शामिल थीं। आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अनुपदीय विज्ञान समन्वयक प्रेम चन्द्र ने पुरस्कार वितरण में अतिथियों के साथ सहयोग किया। प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यकका संचालन गिरीश चंद शर्मा प्रवक्ता ने किया। इस दौरान भरत सिंह, पीडी सिंह, बीके मिश्रा, प्रमोद बाबू, मनोज, लुकमान, ओम कश्यप, विजय जोशी, कृष्ण मोहन, शायरा खातून, सत्यपाल सिंह, विनीता, हरिशंकर मलिक, जगदीश पन्त, डॉ. जम्मुल हसन, गोबिन्द बिष्ट, आदि उपस्थित थे।



# सरस्वती इन्स्टीट्यूट में फ्रेशर पार्टी की धूम

गदरपुर (उद संवाददाता)। सरस्वती इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड टैक्नोलोजी में आगाज-2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सीनियर छात्र / छात्राओं ने नवीन छात्र / छात्राओं का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक डॉ० एम०के० शर्मा एवं प्राचार्य डॉ० एस0के0 त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में नृत्य, रैम्पवॉक, गायन आदि कार्यक्रमों का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में बी०सी०ए० के छात्र आदित्य को मिस्टर फ्रेशर, बी०बी०ए० की छात्रा खुशी को मिस फ्रेशर, बी०कॉम० (ऑनर्स) के छात्र हर्षदीप को मिस्टर इलीगैंट, बी०सी०ए० की छात्रा पल्लवी को मिस इलीगैंट, बी०सी०ए० के छात्र सुमित एवं वंश को स्पार्क ऑफ दी ईव, एम0बी0ए0 की छात्रा रश्मि को चार्मिंग पर्सनैलिटी, बी०सी०ए के छात्र नीरज को अडॉरैबल पर्सनैलिटी तथा एम0बी0ए0 के छात्र सौरभ को साईनिंग पर्सनैलिटी के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन हरिओम कुमार गर्ग, जनरल सेक्रेट्री सुरेन्द्र कुमार गाँधी, वाइस चेयरमैन विशाल गर्ग, सी.ई.ओ. समीप गाँधी, निदेशक डा० एम0के0 शर्मा, प्राचार्य डॉ एस0 के0 त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष प्रबंधन विभाग डॉ० पूजा जोहरी, विभागाध्यक्ष कॉमर्स एवं कम्प्यूटर साईंस विभाग मलकीत सिंह एवं विभागाध्यक्ष साईस विभाग सौरभ कुमार शर्मा ने छात्र / छात्राओंको बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




# पवित्र मिट्टी और चावल के कलशों को भेजा देहरादून

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शुक्रवार को जिला कार्यालय परिसर से ग्राम पंचायतों, नगर निगमो, नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों से एकत्रित पवित्र मिट्टी एवं चावल के कुल 7 कलशों को वाहन के माध्यम से जिलाधिकारी उदयराज सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने हरी झंडी दिखाकर देहरादून के लिये रवाना किया। देहरादून से पूरे प्रदेश से एकत्रित पवित्र मिट्टी व चावल को देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित कर्तव्यपथ ले जाया जाएगा। इस अवसर पर वीर शहीदो, देश के बलिदानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सभी को कार्यक्रम की बधाई देते हुए जिलाधिकारी उदराज सिंह ने कहा कि यह एक बड़ा ऐतिहासिक कार्य है कि मेरी माटी मेरा देश अभियान अर्थात माटी को नमन वीरों को वंदन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत हमारे देश की आजादी दिलाने में अपनी शहादत देने वाले व वीर शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत देशभर में ग्राम पंचायत स्तर से लेकर नगरीय क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर वीर सपूतों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई है। उन्होंने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत पूर्व में ही जिले के ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र के वार्ड तक आयोजित किए गए। वीर सैनिकों शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया, अमृत वाटिका का निर्माण करने के साथ ही पंचप्रण की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य हमेशा ही देश की सेवा व बलिदान के लिए सर्वोपरि आगे रहा है।बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर विकास की धाराएं बह रही है, बड़ी-बड़ी परियोजनाएं यहां आ रही हैं, अनेक विकास कार्य देश तथा प्रदेश में हो रहे हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डे, डीओ पीआरडी बीएस रावत आदि उपस्थित थे।



# महिलाओं को किया जागरुक

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम नंदपुर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला मोर्चा दिनेशपुर मंडल द्वारा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। सम्मेलन में वक्ताओं ने महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति जागरुक रहने का आह्वान किया।इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा उमा जोशी, कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से श्रीमती कंचन सिंह, जिला मंत्री कुमारी मंगोला, मंडल मंत्री ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेशपुर मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपा चुफाल ने की,। इस अवसर पर मंडल प्रभारी श्रीमती पूनम ग्रोवर, श्रीमती इंदिरा गढ़िया, सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती बीना जोशी, श्रीमती विमला पानू, श्रीमती शैलेश, श्रीमती मंजू बिष्ट, श्रीमती शीला, ग्राम प्रधान नन्दन सिंह नैनवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों का खोजें समाधान

## उपराष्ट्रपति ने कहा : जलवायु परिवर्तन पर काबू पाने के लिए जैव विविधता के पोषण और संरक्षण की आवश्यकता

देहरादून (उद संवाददाता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विकास और संरक्षण के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे नागरिकों की विकास आवश्यकताओं को पूरा करते हुए हमारे जंगल फलते-फूलते रहें। यह देखते हुए कि वन हमारे लाखों नागरिकों, विशेषकर आदिवासी समुदायों की जीवन रेखा हैं, उन्होंने रेखांकित किया कि हालांकि वनों का संरक्षण, महत्वपूर्ण है तथापि वन संसाधनों पर निर्भर समुदायों को उन से अलग नहीं किया जा सकता है। देहरादून में वन अनुसंधान संस्थान में वनों पर संयुक्त राष्ट्र मंच - भारत द्वारा देश के नेतृत्व वाली पहल के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह पृथ्वी हमारी नहीं है, और हमें इसे आने वाली पीढ़ियों को सौंपना होगा। जैव विविधता के पोषण और संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि हम केवल इसके ट्रस्टी हैं, और हम अपने लापरवाह दृष्टिकोण और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के साथ अपनी भावी पीढ़ियों के साथ समझौता नहीं कर सकते।अपने संबोधन में, उपराष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सतत विकास और जलवायु परिवर्तन पर काबू पाना सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। भावी चुनौतियाँ के प्रति लोगों को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि यदि विकास टिकाऊ नहीं है तो पृथ्वी पर जीवित रहना मुश्किल होगा। यह देखते हुए कि हम जिस जलवायु चुनौती का सामना कर रहे हैं, वह किसी व्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगी, बल्कि यह पूरी पृथ्वी को प्रभावित करेगी, श्री धनखड़ ने समाधान खोजने के लिए सभी संसाधन जुटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, कोविड की तरह, जो दुनिया के लिए एक चुनौती थी,जलवायु परिवर्तन कोविड चुनौती से कहीं अधिक गंभीर है। उपराष्ट्रपति ने पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान के लिए समन्वित वैश्विक रुख को एकमात्र विकल्प बताते हुए कहा कि "एक देश इसका समाधान नहीं ढूंढ सकता है । समाधान खोजने के लिए युद्धस्तर पर सभी देशों को एकजुट होना होगा।"यह उल्लेख करते हुए कि वन एक कार्बन सिंक प्रदान करते हैं जो हर साल 2.4 बिलियन मीट्रिक टन कार्बन को अवशोषित करता है, उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि हम सभी को यह महसूस करने की आवश्यकता है कि वन ही जलवायु परिवर्तन का एक मात्र समाधान हैं। उन्होंने कहा, हमारे वन केवल एक संसाधन मात्र नहीं हैं बल्कि देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक विरासत को भी समाहित करते हैं।यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कि गाँव के चरागाहों और तालाबों का कायाकल्प और पोषण हो, जो गाँव के जीवन और मवेशियों के लिए आवश्यक हैं, श्री धनखड़ ने इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ग्रामीण जनता के बीच जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया। उन्होंने अमृत काल में अमृत सरोवर योजना के प्रभावी कार्यान्वयन पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। वैश्विक क्षेत्र में ऊर्जा हथियार के रूप में उपयोग करने का एक तरीका बन गया है, श्री धनखड़ ने स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को रेखांकित किया। स्वच्छ ऊर्जा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि 2030 तक हमारी आधी बिजली नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न होगी। 'अमृतकाल' को 'गौरवकाल' के रूप में बताते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि दुनिया हमारी अभूतपूर्व वृद्धि से स्तब्ध है। "2022 में यूके और फ्रांस को पछाड़कर भारत पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस दशक के अंत तक यानी 2030 तक जापान और जर्मनी के को पीछे छोड़ते हुए भारत तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह विकास भारत पर उन वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए बड़ा दायित्व लाता है जिनका दुनिया सामना कर रही है। जंगलों में लगने वाली आग के बारे में बात करते हुए, वीपी ने कहा कि तकनीकी प्रगति के बावजूद, विकसित देश भी इस समस्या का सामना कर रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए बहुस्तरीय दृष्टिकोण को अपनाने का आह्वान करते हुए, उन्होंने जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं को कम करने के लिए कुछ कदमों के रूप में प्रौद्योगिकी, के प्रति जागरूकता बढ़ाने को कहा। उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर आए उपराष्ट्रपति ने इससे पहले गंगोत्री , केदारनाथ और बद्रीनाथ का दौरा किया । अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, जब से मैं और मेरी पत्नी कल देवभूमि में उतरे हैं तब से दिव्यता, उदात्तता, शांति और मनोरम वातावरण का अनुभव हुआ है। गंगोत्री , केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्राएँ उनकी यादों में हमेशा बनी रहेंगी, उपराष्ट्रपति ने कहा, "ये दिव्य स्थान हमारी सभ्यता के लोकाचार और सार को प्रतिबिंबित करते हैं। कई महान लोगों ने शांति और खुशी पाने के लिए इन पवित्र और पूजनीय स्थलों पर आकर इनका लाभ उठाया। उत्तराखंड के राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, वन महानिदेशक, चंद्र प्रकाश गोयल, निदेशक, यू एन एफ एफ सुश्री जूलियट बियाओ कॉडेनौक पो , अतिरिक्त महानिदेशक वन, महानिदेशक, आईसीएफआरई, बिवाश रंजन ,भरत लाल, और विभिन्न देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सम्मानित प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।





## रितू जोशी हुई भारत गौरव सम्मान से सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।खटीमा की रितू जोशी को इंडिया प्राउड बुक ऑफ रिकॉर्ड की तरफ से भारत गौरव सम्मान से नवाजा गया। रितू को ये भारत गौरव सम्मान बेस्ट मॉडल और इवेंट ऑर्गेनाइजर की कैटेगरी में मिला है। रितू पेशे से एक मॉडल और इवेंट ऑर्गेनाइजर है। अभी हाल ही में रितु को 15 अगस्त को इंडिया स्टार बुक ऑफ रिकॉर्ड की तरफ से इंडिया स्टार इंडिपेंडेंट अवॉर्ड से नवाजा गया जो कि उन्हें मॉडल की कैटेगरी में दिया गया। इसके साथ-साथ रितु को इसी साल फॉक्स स्टोरी इंडिया की तरफ से वुमन फेस ऑफ द ईयर 2023 के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। रितु ने मॉडलिंग में कुछ ब्यूटी पेजेंट का खिताब भी अपने नाम किया है जिनमें मिस पिथौरागढ़ 2018, मिस गढ़वाल 2019 फर्स्ट रनर अप, मिस नॉर्थ राइजिंग इंडिया 2019, जो एक नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट था, मिस ग्लोरी ऑफ उत्तराखंड 2019 शामिल है। इसके साथ-साथ रितु को कई पुरस्कारों से भी नवाजा गया जिन मे फैशन लाइफस्टाइल मैगजीन के द्वारा मॉडलिंग श्रेणी में 15 सक्सेस स्टार ऑफ इंडिया 2020, फॉरएवर स्टार इंडिया के द्वारा द रियल सुपरवूमन 2020, दिल्ली सत्यजय न्यूज के द्वारा उत्कृष्ट व्यक्तित्व पुरस्कार 2021, कल्कि न्यूज के द्वारा कल्कि गौरव सम्मान 2021, राष्ट्रीय कला एवं शिक्षा अकादमी पुणे द्वारा राष्ट्रीय महिला उत्कृष्टता पुरस्कार 2021, फॉक्सक्लूज बेंगलुरु द्वारा शीर्ष 100 महिला आइकन पुरस्कार 2022, राष्ट्रीय ज्ञानपीठ पुणे महाराष्ट्र द्वारा राष्ट्रीय महिला गौरव पुरस्कार शामिल है। इतना ही नहीं इसके साथ-साथ रितु ने टीम कुमाऊं केसरी के साथ मिलकर स्टार ऑफ उत्तराखंड 2020 मॉडलिंग और डांसिंग इवेंट भी करवाया, और लॉकडाउन के टाइम गो कोरोना गो सिंगिंग और ऑनलाइन डांसिंग इवेंट को जज भी किया। और रितु की उपलब्धि की कहानी कुछ पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है जिनमें उत्तराखंड की श्रीतिज के पार मार्च 2021 में एक कवर गर्ल के रूप में शामिल है और रितु के आर्टिक्ल भी प्रकाशित हुवे है , दिल्ली की अंग्रेजी पत्रिका वंशधारा, दिल्ली की पत्रिका आपकी सेहत जिसमे फेस आफ द मंथ और हाल ही में इसी साल लाइफस्टाइल पत्रिका में उनकी उपलब्धि की कहानी नारी शक्ति संस्करण प्रकाशित हुई। रितु खटीमा मे एक साथ चार इवेंट जिसमे सिंगिंग, डांसिंग , मॉडलिंग और एक्टिंग के कॉन्सेप्ट पर काम कर रही है अभी हाल ही में उन्होंने खटीमा टीम जागृति सेवा समिति के साथ जासेस टैलेंट हंट का ऑडिशन भी करवाया गया उनका कहना ये इस इवेंट को करने का है मक्शद ये है बहुत से ऐसे लोग जिनमें टैलेंट तो है लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल पता अपने टैलेंट को उभारने का। इसलिए इस इवेंट के माध्यम से छिपी हुई प्रतिभावो को आगे लाना है। इसके साथ-साथ रितु ने ये भी बताया कि हमें जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए कोशिश करते रहना चाहिए सफलता जरूर मिलेगी।




## गुरूनानक बालिका इंटर कालेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज प्राइमरी विभाग में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति अग्रवाल के दिशा निर्देशन एवं वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती मनमीत कौर की देखरेख में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के बच्चों को डेंगू बुखार से बचने के उपाय तथा खानपान की जानकारी दी गई। शिविर संचालक द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य निरीक्षक किया गया। शिविर में बच्चों की बीमारी से संबंधित समस्याओं को सुना गया और बच्चों को दवाई भी दी गई। अस्वस्थ बच्चों को सरकारी अस्पताल जाकर मुफ्त चेकअप करवाने और दवा लेने के लिए भी कहा गया ।इस शिविर में विद्यालय की अर्चना छाबड़ा, अनामिका ढाका ,परमजीत कौर, अमरजीत कौर, हरजीत कौर, शिखा रानी ,अंजू तिवारी ,जगजीत कौर, नवदीप कौर, हेमा यादव, रितु कौर, स्मिता गुलाटी, दीप्ति ,पूनम मौर्या और सीमा मल्होत्रा आदि अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।



## आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभा यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला संचालन समिति द्वारा रामायण पारायण से एक दिन पहले नगर के बाजार क्षेत्र से तथा विभिन्न मार्गो से श्री राम शोभायात्रा निकल गई जिसमें विभिन्न स्थानों से आई हुई सुंदर झांकियां का प्रदर्शन किया गया। मुख्य रूप से जो झांकियां शोभायात्रा में रही उसमें नासिक ढोल काली अखाड़ा, श्री बांके बिहारी महाकाल, गोलू दर्शन, गंगा नंदा राजजात यात्रा, शिव बाहुबली, पंजाबी गतका, बड़ी काली केरल तथा राजगद्दी आदि झांकियां का प्रदर्शन किया गया। राजगद्दी में भगवान राम के रथ को सुंदर पुष्पों से सजाया गया। उत्तराखंड की पूज्य देवी नंदा राज जात यात्रा की झांकी ने सबका मन मोह लिया। रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई शोभा यात्रा का वापस रामलीला ग्राउंड में समापन हुआ। अशोक अग्रवाल द्वारा सुंदर खाटू श्याम जी की झांकी का प्रदर्शन किया गया। पंजाब से आई गतका पार्टी, काली अखाड़ा आदि द्वारा सुंदर प्रदर्शन किया गया। श्री राम चंद्र जी की झांकी में संचालन समिति के सदस्य एनबी गुणवंत, विवेक कश्यप, भवानी शंकर नीरज, तनुज गुप्ता, मनोज, विनीत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राजेंद्र मुन्ना, प्रदीप जनौटी, बसंत अग्रवाल , भोला केसरवानी, तरंग आदि ने सेवा दी। डोला व्यवस्था संभालने में विदेश जायसवाल, सचिन जायसवाल, तनिष्क, वैभव देवल, तुषार, हिमांशु गांधी, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरी, यश गुप्ता ने सहयोग किया। इस दौरान सुंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन भी किया गया।





## नए मतदाताओं से कराए आवेदन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजयुमो मंत्री दीपांशु शर्मा ने घर घर जाकर नव मतदाताओं के आवेदन करवाए। उन्होंने अपने क्षेत्र में घर घर जाकर नव मतदाताओं के लगभग दो दर्जन से ज्यादा आवेदन करवाए और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत से जिताने के लिए निवेदन किया। संगठन के निर्देश पर दीपांशु ने वार्ड नंबर 16 बाजार क्षेत्र में मंगल पड़ाव से लेकर सब्जी मंडी तक घर-घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं से भी युवाओं को अवगत कराया और प्रधानमंत्री के चुनाव के लिए समर्थन मांगा।



## राज्यपाल ने दी वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'वाल्मीकि जयन्ती' की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि "आदि कवि, महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महाकाव्य की रचना करके विश्व को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के चरित्र से अवगत कराया। उन्होंने कहा की महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं पर चलकर एक आदर्श समाज एवं राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। वाल्मीकि जी की शिक्षाएं हमें समाज के उपेक्षित तथा वंचित वर्ग की सेवा व सहायता के साथ ही उनके लिए अवसर की समानता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रेरित करती हैं।

उत्तरांचल दर्पण
**सम्पादकीय** सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## युद्ध विराम का उल्लंघन

सीमा पर उकसावे वाली हरकतें करना एक तरह से पाकिस्तान की फितरत बन गई है। वह बिना कारण के भी भारत की ओर गोलीबारी करना शुरू कर देता है। यह न केवल भारत के खिलाफ उसकी मंशा का सबूत है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों की उसे कोई परवाह नहीं है। गौरतलब है कि गुरुवार की रात को जम्मू के अरनिया और सुचेतगढ़ सेक्टर में पाकिस्तान ने मनमाने तरीके से युद्ध विराम का उल्लंघन किया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रात करीब आठ बजे पाकिस्तानी रेंजरों ने भारत की पांच चौकियों पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी, जो सात घंटों तक चलती रही। हालांकि भारत के सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया, लेकिन इस बीच एक स्थानीय निवासी महिला और बीएसएफ के एक जवान घायल हो गए। इस दौरान रिहाइशी इलाकों में भी मोर्टार दागे गए, जिससे कुछ घरों की दीवारें ढह गईं। हालांकि ऐसा करने की पाकिस्तान की आदत पुरानी है, लेकिन उसकी ताजा हरकत से फिर यही साफ होता है कि वह किसी खास मंशा से बेवजह भारत को उकसाने की कोशिश कर रहा है। गौरतलब है कि बीते दस दिनों के भीतर पाकिस्तान की ओर से यह युद्ध विराम के उल्लंघन की यह दूसरी घटना है। इससे पहले भी इसी इलाके में पाकिस्तानी रेंजरों ने बिना वजह गोलीबारी की थी, जिसमें बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए थे। 25 फरवरी, 2021 के बाद अब तक पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर सहित कई अन्य इलाकों में युद्ध विराम का उल्लंघन कर चुका है। पाकिस्तान की हताशा समझी जा सकती है। दरअसल, उसकी ओर से गुरुवार को की गई गोलीबारी से कुछ ही घंटे पहले भारतीय सुरक्षा बलों ने लश्कर-तैयबा के पांच आतंकियों को मार गिराया था। ये आतंकी माछिल सेक्टर में भारत की सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। जाहिर है, आतंकियों की घुसपैठ की इस कोशिश के नाकाम हो जाने और उनके मारे जाने के बाद पाकिस्तानी सीमा पर मौजूद रेंजरों की छटपटाहट बढ़ गई और उसी क्रम में उन्होंने यह खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा कि उनकी इस हरकत का नतीजा क्या निकलेगा। दरअसल, बमबारी के जरिए वह भरतीय सुरक्षा बलों का ध्यान बंटा कर आतंकियों की घुसपैठ कराना चाहता था। सवाल है कि अगर भारत इसे बिना किसी कारण के युद्ध के लिए उकसाने की कार्रवाई बताए, तब इसे कैसे महज एक प्रतिक्रिया कहा जाएगा। विचित्र है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आए दिन पाकिस्तान खुद को एक पीड़ित के रूप में पेश करता और भारत पर निराधार आरोप लगाता रहता है। हालांकि उसकी ओर से ताजा बमबारी जैसी उकसावे वाली गतिविधियों के बारे में दुनिया के ज्यादातर जिम्मेदार देश समझते हैं और यही वजह है कि अब उसके रोने-धोने को गंभीरता से नहीं लिया जाता। संयुक्त राष्ट्र भी ऐसी हरकतों के खिलाफ चेतावनी जारी कर चुका है। मगर यह समझना मुश्किल है कि भारत के साथ घोषित युद्ध विराम के बावजूद पाकिस्तान को इसका खयाल रखने की जरूरत क्यों नहीं महसूस होती है। पहले ही उस पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि लश्कर-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे कई आतंकी संगठन पाकिस्तान स्थित ठिकानों से भारत में अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। कई स्तर पर खुद आम पाकिस्तानी लोग भी आतंकवादी संगठनों के आत्मघाती हमलों का शिकार होते रहे हैं। फिर भी पाकिस्तानी शासकों को अपनी आदत में सुधार लाना जरूरी नहीं लगता।

# एसटीएफ ने हरियाणा से 21 करोड़ की ठगी करने वाले गैंग को किया सरगना गिरफ्तार

## आरोपी का चीन तक नेटवर्क, वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर करता था ठगी

देहरादून(उद संवाददाता)। वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर देशभर में लोगों को ठगने वाले गैंग के सरगना को एसटीएफ ने हरियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ देशभर में 855 मामलों में 37 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने लोगों से 21 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। आरोपी के तार चीन से भी जुड़े हैं। आरोपी अन्य साथियों के साथ चीन के क्लाइंट के लिए डमी खाते भी खोलता है।एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि वह ऑनलाइन जॉब की तलाश में थी। उन्हें व्हाट्सएप पर मैसेज प्राप्त हुआ। इसमें मैरिओट बोनवॉय होटल ग्रुप के लिए वर्क फ्रॉम होम का ऑफर दिया गया। इसके बाद टेलीग्राम एप पर सोनिया 2343 का मैसेज प्राप्त हुआ। जिसने स्वयं को होटल से होना बताया। ऑनलाइन कमाई का लालच दिया। शुरुआत में ऑनलाइन होटल की बुकिंग कर कमीशन के रूप में कुछ राशि भी दी गई। इसके बाद मोटी कमाई का लालच देकर विभिन्न टास्क देकर विभिन्न खातों में 19.94 लाख रुपये




जमा करा लिए।मुकदमा दर्ज कर जांच की गई। तकनीकी जांच में आरोपी का हरियाणा से संबंध होना पाया गया। इसके बाद पुलिस टीम को हरियाणा भेजा गया। पुलिस ने आरोपी रुषभ शर्मा निवासी सेक्टर नौ, गुरुग्राम, हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी के चार खातों की 85 शिकायतें नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज हैं।आरोपी वर्क फ्रॉम होम में रुचि रखने वाले व्यक्तियों को फर्जी होटल की साइट तैयार कर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ देता था। इसके बाद ऑनलाइन बुकिंग का टास्क देकर कमीशन कमाने का लालच देता था। पहले कुछ धनराशि दी जाती थी। बाद में मोटी कमाई का लालच देकर विभिन्न टास्क के रूप में राशि जमा कराता था। इसके बाद रिफंड के नाम पर और राशि जमा कराई जाती थी। एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि आरोपी का नेटवर्क चीन तक फैला है। आरोपी ने बताया कि वह अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर चीन के ग्राहकों के लिए डमी बैंक खाते खोलते हैं। यह खाते गुजरात (सूरत, बड़ौदा), दिल्ली एनसीआर (गुरुग्राम, नोएडा) और पंजाब (लुधियाना) में खोले जाते हैं। इसके बदल में भारी कमीशन का भुगतान चीन के ग्राहकों की ओर से दिया जाता है। आरोपी ने खुद के दो खातों को दो दिन तक संचालित करने देने के लिए 4.78 लाख रुपये में चीन के ग्राहक को दिया। यह सभी खाते करंट अकाउंट खाते होते हैं। विदेशी लोग यह खाते क्रिप्टो खरीद के लिए उपयोग में लेते हैं और मनी ट्रेल मिटा दिया जाता है। बाद में इन बैंक खातों का इस्तेमाल वे विभिन्न फर्जी निवेश मॉडल में पैसा लेने के लिए करते हैं। आरोपी ने बताया कि अब कृषि फर्मों, सोसायटी के नाम पर खाते खोले जा रहे हैं। क्योंकि, वह सुरक्षा से बचने के लिए आसान हैं। आरोपी के खिलाफ तेलंगाना 12, दिल्ली नौ, उत्तर प्रदेश चार, छत्तीसगढ़ तीन, उत्तराखंड दो, महाराष्ट्र दो, चंडीगढ़ में एक, हरियाणा दो, कर्नाटक दो मुकदमे दर्ज बताये जा रहे हैं।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड में इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज के बयान दर्ज

कोटद्वार। कोटद्वार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत में शुक्रवार को अंकिता हत्याकांड के दो अन्य गवाह एसडीआरएफ के इंस्पेक्टर कवींद्र सजवाण और चीला चौकी के तत्कालीन प्रभारी श्रद्धानंद सेमवाल ने अपने बयान दर्ज कराए। दोनों अधिकारियों ने एसआईटी को पूर्व में दिए गए बयान दोहराए। चीला चौकी प्रभारी ने बताया कि उन्होंने घटना में प्रयुक्त स्कूटी को हत्यारोपी पुलकित आर्य के ज्वालापुर स्थित आवास से बरामद किया। इसके अलावा डीवीआर और सीपीयू मय हार्ड डिस्क क्षतिग्रस्त हालत में वनंत्रा रिजॉर्ट से बरामद किए थे। शुक्रवार को अदालत में हत्यारोपी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पेश हुए थे। लेकिन तीसरा मुख्य आरोपी पुलकित आर्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुआ था। एसडीआरएफ के इंस्पेक्टर कवींद्र सजवाण ने अदालत को बताया कि वह ऋषिकेश के ढालवाला में तैनात है। 23 सितंबर, 2022 को लक्ष्मणझूला थाने से उन्हें एक महिला के चीला शक्ति नहर में गुमशुदा होने की सूचना मिली थी। उन्होंने कौडिया पुल से लेकर चीला बैराज तक नहर में सर्च अभियान चलाया था। नहर का पानी रुकवाने के बाद 24 सितंबर 2022 की सुबह पौने आठ बजे एक महिला का शव दिखा, जिसे निकालकर स्थानीय पुलिस के सुपुर्द किया गया। चीला चौकी के तत्कालीन प्रभारी श्रद्धानंद सेमवाल ने अंकिता भंडारी के शव को नहर से बाहर निकालने से लेकर उसकी शिनाख्त उसके परिजनों द्वारा किए जाने की बात कही। कहा कि मौके पर जनाक्रोश और भीड़ को देखते हुए पंचायतनामे की कार्रवाई एम्स ऋषिकेश में की गई। जिसमें मृतका के शरीर पर आई चोटों का विवरण भी दर्शाया गया था। कहा कि घटना में प्रयुक्त पुलकित आर्य की स्कूटी को 23 सितंबर, 2022 को उसके ज्वालापुर स्थित घर से बरामद किया गया। यह भी बताया कि 6 अक्तूबर, 2022 को वह वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोहर सिंह रावत के साथ मुकदमा से संबंधित डीवीआर और सीपीयू को बरामद करने के लिए वनंत्रा रिजॉर्ट गए थे। जहां से रिसेप्शन की बगल में आलमारी के पीछे एक डीवीआर और क्षतिग्रस्त सीपीयू मय हार्ड डिस्क बरामद किया था। अंकिता के परिजनों के अधिवक्ता अजय पंत व नरेंद्र गुसाईं ने बताया कि अब अगली गवाही 9 नवंबर को होगी।

# प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या में 24067 की कमी दर्ज

देहरादून। उत्तराखंड में दो लाख मतदाता कम हो गये हैं। इनके नामों की जानकारी इस बार निर्वाचन कार्यालय की ओर से प्रदेशभर में बूथ-दर-बूथ किए गए सर्वेक्षण में सामने आई है। निर्वाचन



कार्यालय ने इन सभी को नोटिस जारी कर दिया है। उधर, प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या में 24067 की कमी दर्ज की गई है। शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी षणमुगम ने विशेष पुनरीक्षण के बाद मतदाताओं, मतदेय स्थलों आदि से संबंधित जानकारी प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 81,67,568 थी, जिसमें 42,35,953 पुरुष, 39,31,320 महिला, 295 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल थे। 27 अक्तूबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 81,43,501 हो गई है, जिसमें 42,18,089 पुरुष, 39,25,143 महिला, 269 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। प्रदेश में इस बार निर्वाचन कार्यालय की ओर से बूथ-बूथ में घर-घर सर्वेक्षण कराया गया। इसके लिए विशेष टीम लगाई गई थीं। 1,91,376 मतदाता ऐसे पाए गए जो कि सर्वे के दौरान गायब थे। आसपास के गांव, मोहल्ले वालों ने उनके वहां न होने की बात कही। इन सभी को निर्वाचन कार्यालय ने नोटिस जारी कर दिया है। सात दिन में उन्हें जवाब देना है। इसके बाद एआरओ (एसडीएम), एईआरओ (तहसीलदार) इनका निस्तारण करेंगे। मतदाता बनाने का अभियान चल रहा है। चार, पांच, 25 और 26 नवंबर को मतदाता बनाने का विशेष अभियान चलेगा, जिसमें बीएलओ बूथ पर उपलब्ध रहेंगे। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन अगले साल पांच जनवरी को किया जाएगा। इसी सूची के आधार पर लोकसभा चुनाव होने हैं। प्रदेश के उत्तरकाशी, 5,969 चमोली, 8,889 रुद्रप्रयाग, 5,354 टिहरी गढ़वाल 14,670 देहरादून, 25,682 हरिद्वार, 26,944 पौड़ी गढ़वाल,16,851 पिथौरागढ़, 8,291 बागेश्वर, 10,321 अल्मोड़ा, 15,172 चंपावत, 8,699 नैनीताल, 17,677 ऊधमसिंह नगर 26,857 मतदाता शामिल हैं। पौड़ी गढ़वाल की यमकेश्वर विधानसभा के रेंज कार्यालय, लालढांग में सबसे कम सात मतदाता हैं जबकि हरिद्वार के सलेमपुर महबूद के विजडम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में प्रदेश के सर्वाधिक 1383 मतदाता हैं। निर्वाचन कार्यालय ने जनवरी के 11647 से बढ़ाकर मतदेय स्थलों की संख्या 11,729 कर दी है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने बताया कि प्रदेश में पहले 11647 मतदेय स्थल थे। काफी मतदेय स्थल ऐसे थे, जिनकी दूरी दो किलोमीटर से अधिक थी, लिहाजा प्रदेश में 104 नए मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए। इसी प्रकार, मतदाता अधिक होने आदि कारणों से मतदेय स्थलों का विलय किया गया। इस तरह कुल मिलाकर मतदेय स्थलों की संख्या 11,729 हो गई। इनमें उत्तरकाशी में 544, चमोली में 592, रुद्रप्रयाग में 362, टिहरी में 963, देहरादून में 1880, हरिद्वार में 1713, पौड़ी में 945, पिथौरागढ़ में 611, बागेश्वर में 381, अल्मोड़ा में920, चंपावत में344, नैनीताल में 1010, ऊधमसिंह नगर 1464 मतदेय स्थल शामिल हैं।

# जोशीमठ में छात्र छात्राओं से संवाद करेंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

चमोली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दो दिवसीय दौरे पर आज उत्तराखंड पहुंचेंगी। शनिवार को वह जोशीमठ में श्री बदरीनाथ वेद वेदांग संस्कृत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद करेंगी। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि वित्त मंत्री शनिवार दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर हेलीकॉप्टर से जोशीमठ पहुंचेंगी। वे दोपहर दो महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद करेंगी। इसके बाद साढ़े तीन बजे जोशीमठ से सड़क मार्ग से बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेंगी। रविवार को वित्त मंत्री बदरीनाथ धाम के दर्शनों के बाद सुबह सवा नौ बजे देश के प्रथम गांव माणा पहुंचेंगी। यहां वे एक कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। करीब एक घंटे यहां रुकने के बाद दोपहर साढ़े ग्यारह बजे वित्त मंत्री हेलीकॉप्टर से देहरादून के लिए रवाना होंगी।

# सात नवंबर से तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

देहरादून(उद संवाददाता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सात नवंबर से उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति के दौरे को लेकर समीक्षा की। बैठक में शासन व प्रशासन के अधिकारियों के अलावा एचएन बहुगुणा गढ़वाल विवि और गोविंद बल्लभ पंत कृषि विवि के कुलपति भी शामिल हुए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति सात नवंबर को उत्तराखंड पहुंचेंगी। उनका आठ नवंबर को श्रीनगर गढ़वाल और कुमाऊं दौरे का कार्यक्रम भी है। नौ नवंबर को वह उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगी। राष्ट्रपति के दौरे मद्देनजर मुख्य सचिव ने सुरक्षा व आवश्यक व्यवस्थाएं जुटा लेने के निर्देश दिए।

# सीएम ने किया दि बीटल्स एण्ड दि गंगा फेस्टिवल का शुभारंभ

पौड़ी गढ़वाल (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को स्वर्गाश्रम, यमकेश्वर पौड़ी में दि बीटल्स एण्ड दि गंगा फेस्टिवल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जनपद पौड़ी की 422.44 लाख की 3 योजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर आगे बढ़ रहा है। दि बीटल्स एण्ड दि गंगा फेस्टिवल का आयोजन भारतीय संस्कृति के विभिन्न घटकों योग, शास्त्रीय संगीत, नृत्य, कला आदि को उत्सव के रूप में मनाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन स्थानीय सभ्यता एवं परम्पराओं को विश्व में प्रदर्शित करने की एक पहल है। फेस्टिवल के माध्यम से उत्तराखण्ड को एक नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृति, अध्यात्म तथा संगीत में एक गहरा सम्बन्ध है। उन्होंने कहा कि योग तथा मनोसाधना से मानव जीवन के किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की जा सकती है। हमारे देश की प्राचीन और महान संस्कृति ने ही सर्वप्रथम ''वसुधैव कुटुम्बकम'' की अवधारणा विश्व के समक्ष रखी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषियों और मुनियों ने समाज में अध्यात्म और ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया तथा अध्यात्म के संदेश से लोगों का हृदय परिवर्तन कर सद्भावना का मार्ग प्रशस्त किया।उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए प्रेम व अहिंसा के रास्ते पर चलकर समाज में एकता की भावना को मजबूत करना होगा। सद्भावना से ही राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा मिल सकता है मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का मान- सम्मान पूरे विश्व में बढ़ रहा है। वो दिन दूर नहीं जब हमारा देश पुनः विश्व गुरु पद पर आरूढ़ होगा। इस दौरान कार्यक्रम में मेयर ऋषिकेश अनिता ममगाई, परमार्थ निकेतन के प्रमुख चिदानंद जी सरस्वती महाराज, उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अंथवाल, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, एसएसपी श्वेता चौबे एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



# लमगड़ा में बहुद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन एवं जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा कौशल किशोर शुक्ला के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समानता, पूर्ण और समान प्रतिनिधित्व और सभी महिलाओं व बालिकाओं का सशक्तिकरण, मानसिक और शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों के अधिकारों आदि विषयों पर जागरूक किया गया। जिला प्रशासन के अन्तर्गत सभी विभागों द्वारा स्टाल लगाए गये एवं



अल्मोड़ा शचि शर्मा की अध्यक्षता में अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज लमगड़ा में वृहद बहुद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसके तहत यहां उपस्थित व्यक्तियों को बाल अधिकारों, नालसा की सभी योजनाओं, लैंगिक न्याय, ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों, लैंगिक अपने विभाग से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी व शिविर में निशुल्क चिकित्सीय परीक्षण भी किया गया तथा स्कूल के विद्यर्थियो द्वारा कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये! शिविर में एस. डी. एम लमगड़ा, अन्य आधिकारी आदि भी उपस्थित थे व इस शिविर में लगभग 1500 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

# महिला पोस्टमास्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पिथौरागढ़। ग्राम पाताल भुवनेश्वर, गंगोलीहाट के ग्रामीणों ने थाना गंगोलीहाट में तहरीर दी थी कि पोस्ट ऑफिस पाताल भुवनेश्वर में पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत महिला गायत्री देवी दशौनी पत्नी श्री कल्याण सिंह दशौनी निवासी ग्राम पाताल भुवनेश्वर, गंगोलीहाट द्वारा ग्रामीणों आश्रडी पीएलआई एफडी के लगभग 32 लाख रूपये से अधिक की धनराशि अपने निजी प्रयोग में लगा दी है । जिसे गंगोलीहाट मुख्य ब्रान्च में ऑनलाईन देखा तो उसका आधे का आधा पैसा भी ऑनलाईन नहीं चड़ा है। अब उक्त महिला ना तो पैसा लौटा रही है और ना ही पोस्ट ऑफिस आ रही है । तहरीर के आधार पर थाना गंगोलीहाट में धारा 409 आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ श्री लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष गंगोलीहाट के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 27.10.2023 को गायत्री देवी उपरोक्त को कुमौड़ से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्ता को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है । पुलिस टीम में थानाध्यक्ष गंगोलीहाट श्री मंगल सिंह नेगी, का0 श्रवण कुमार, म0 का0 सुनीता गिरी शामिल थे।

# अवैध पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

पिथौरागढ़। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ श्री लोकेश्वर सिंह के आदेशानुसार, आगामी दीवाली पर्व के दृष्टिगत अवैध विस्फोटक सामग्री, पटाखों की धर पकड़ हेतु सघन चौकिंग अभियान के दृष्टिगत विगत दिवस प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पिथौरागढ के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा जाखनी तिराहा से अभियुक्त प्रकाश चन्द्र पाण्डे पुत्र श्री पूरन चन्द्र पाण्डे निवासी सिमलगैर पिथौरागढ़ को 31 पेटियां अवैध विस्फोटक सामग्री (पटाखों) के साथ गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कोतवाली पिथौरागढ़ में धारा 286 आईपीसी 9 बी विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया । उक्त पटाखों की कीमत लगभग 4 लाख 75 हजार रूपये है । पुलिस टीम- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पिथौरागढ श्री हिमांशु पन्त, वरिष्ठ उ0नि0 श्री मदन सिंह बिष्ट, का0 श्री ध्रुव सिंह, का0 श्री पंकज पंगरिया ।

# इंस्पिरेशन स्कूल में मनाया हैलोवीन फैस्टिवल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में हैलोवीन फैस्टिवल मनाया गया। हैलोवीन फैस्टिवल जिसका अर्थ 'होली ईवनिंग' है, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। जिसमें विभिन्न वर्ग के छात्रों के लिए अलग-अलग एक्टिविटी करवाई गई। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने फेस पेन्टिंग कॉन्टेस्ट में प्रतिभाग किया, जिसका विषय 'जॉम्बी फेसेज' था। प्रत्येक ग्रुप में दो-दो विद्यार्थी थे जिसमें एक पेन्टर और एक मॉडल था। पेन्टर ने मॉडल के चेहरे को पेन्ट करके 'जॉम्बी फेसेज' बनाकर फैस्टिवल की थीम को उजागर किया। निर्णायक मण्डल में 'आर्ट टुडे इंस्टियूट' की संचालिका श्रीमती अनीता शर्मा, चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा थे। जिन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सुश्री स्मिता पंत एवं श्रीमती हरिप्रिया तिवारी ने किया।



# शरद पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु

हरिद्वार (उद संवाददाता)।शरद पूर्णिमा पर शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हर की पैड़ी पर गंगा में डुबकी लगायी। चंद्र ग्रहण को देखते हुए हर की पैड़ी पर डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। 30 साल के बाद शरद पूर्णिमा पर होगा फिर एक बार ग्रहण का साया है। भारत में चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 1 घंटा 19 मिनट होगी। अश्विन शुक्ल पूर्णिमा की रात आकाश से सोमरूपी अमृत की वर्षा होगी। वेदों में इसी सोम को अमृत बताया गया है। विद्वान बताते हैं कि श्रीमद्भागवत महापुराण, विष्णु पुराण के अनुसार समुद्रमंथन के समय जब अमृत निकला, वह शरद पूर्णिमा की ही रात थी।

# छात्र अभिनंदन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में छात्र अभिनंदन समारोह का धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पांडे द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में क्रीड़ा और विभिन्न विषयों के विभागीय परिषद द्वारा होनहार छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा पहाड़ी, पंजाबी, एकल व सामूहिक नृत्य और स्टैंडअप कॉमेडी आदि विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसी बीच छात्रसंघ प्रभारी बी.के. जोशी ने छात्रसंघ पदाधिकारियों में छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक कुमार, छात्रसंघ उपाध्यक्ष (छात्रा) पूजा शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव और कोषाध्यक्ष सत्यम रुहेला का बैज अलंकरण कर स्वागत किया, और उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किया। प्रो. पांडे ने कहा कि वे बाजपुर महाविद्यालय को




ऐसा बनाना चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी भी याद रखे।कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के डॉ. अनिल कुमार सैनी और हिंदी विभाग के डॉ. खेमकरण सोमन ने किया।इस अवसर पर डॉ. रीता सचान, डॉ. सूरज पाल, डॉ. मनुहार आर्य, डॉ. बी.के. जोशी, डॉ. प्रदीप दुर्गापाल, डॉ. अतीश वर्मा, डॉ. आदर्श चौधरी, डॉ. जया कांडपाल, डॉ. विकास रंजन, डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. दर्शना पंत, डॉ. नीलम सतेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# उद्यमिता विषय पर व्याख्यान आयोजित

नैनीताल (उद संवाददाता)।कुमाऊं विश्वविद्यालय के डी एस बी परिसर में इनोवेशन एवम इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा उद्यमिता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया । मुख्य अथिति युवा उद्यमी अंचल पंत ने इस अवसर पर उन्होने कहा की उन्होंने अपने जीवन में मात्रा 25 हजार रुपए से उद्यमिता सुरु की तथा एडविस्ट प्रिंटर ,अमोल पब्लिकेशन,की शुरुआत की तथा अब टोकरी उनका महत्पूर्ण कार्य है ।श्री अंचल ने फ्लिपकार्ड ,स्नैप डील ,अमेजन ,मीसो जैसे कंपनी के स्टार्टअप पर प्रकाश डाला । अंचल ने बताया कि अपने शुरुआती कार्य को सरकार मार पंजीकृत जरूर कराएं जिससे सरकारी योजना में आपको लाभ मिल सके ।अंचल पंत नए बताया कि अपनी वेबसाइट जरूर बनाए और मार्केट डिमांड के अनुसार अपने व्यवसाय को दिशा दे ।उन्होंने ब्यूटी केयर ,हेल्थ केयर ,आर कॉमर्स ,ऑनलाइन व्यवसाय, स्थानीय फल ,जैविक उत्पाद ,तुलडी चाय ,धूप उत्पादन , ब्लॉग्स के बारीकियों को अपने प्रेजेंटेशन से प्रस्तुत किया तथा इन्हें व्यसाय के रूप में अपना सकते है । इनोवेशन एवम इंक्यूबेशन सेंटर के निदेशक प्रो आशीष तिवारी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा की सेंटर नए आइडिया का स्वागत करता है जो इनोवेशन में कारगर हो सके । सेंटर के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा की मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन ,फ्लोरी कल्चर वर्तमान में प्रभावी कारक है ।संचालन करते हुए प्रो ललित तिवारी ने की ये बदलता भारत है जहा नौकरी पाने से नौकरी देना अपने मस्तिष्क के प्रयोग एवम रचनात्मकता से नया व्यवसाय प्रारंभ कर सकते है जिसमें सरकार भी छोटी मदद करती है । नई सोच समाज और देश के लिए बेहतर कार्य कर सकते है ।उन्होंने नए कार्यों से बेहतर इकोनॉमी तथा समाज में नई सोच पैदा करने के कई सुझाव दिए।सेल की उपनिदेशक डॉक्टर पैनी जोशी ने सबका धन्यवाद किया । कार्यक्रम में प्रो हरीश बिष्ट ,प्रो नीलू लोधियाल , डॉक्टर गगन होती डॉक्टर हरिप्रिया पाठक डॉक्टर विजय कुमार , डॉक्टर हर्ष चौहान डॉक्टर नीता आर्य ,डॉक्टर कुबेर गिनती ,,डॉक्टर इरा तिवारी ,डॉक्टर नवीन पांडे , हेम भट्ट ,डॉक्टर निधि वर्मा , डॉक्टर लज्जा भट्ट ,डॉक्टर रिचा गिनवाल,डॉक्टर दलीप ,डॉक्टर नंदन मेहरा ,डॉक्टर बिजेंद्र लाल ,डॉक्टर इकराम जीत सिंह सहित 127 विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

## पेज एक का शेष...

**जिले में शीघ्र शुरू होंगे...**तथा अधिशासी अधिकारियों व नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि योजना के क्रियान्वयन हेतु जहॉ भूमि की आवश्यकता हो उसे तत्काल चिन्हित किया जाये और यदि सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है तो भूमि खरीद हेतु प्रस्ताव शासन में प्राथमिकता से भेजा जाये। बैठक में डिजायन इन्जीनियर आदिति पुण्डिर ने जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं के तहत शहर के प्रत्येक घर को पाईप लाइन द्वारा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 135 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि योजनाओं को आगामी तीस वर्षों अनुमानित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद सितारगंज के लिए 119.88 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है और शहर को 4 जोन में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि सितारगंज पेयजल योजना में 6 ट्यूबवेल, 4.10 किसी राइजिंग मेन, 4 ओवर हैड टैंक तथा 8529 गृह कनैक्शन प्रपोज्ड हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद किच्छा के लिए 489.73 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है और शहर को 7 जोन में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि किच्छा पेयजल योजना में 14 ट्यूबवेल, 12.50 किसी राइजिंग मेन, 5 ओवर हैड टैंक तथा 17900 गृह कनैक्शन प्रपोज्ड हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम रूद्रपुर के लिए 590.50 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है और शहर को 10 जोन में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि रूद्रपुर पेयजल योजना में 27 ट्यूबवेल, 20.50 किसी राइजिंग मेन, 8 ओवर हैड टैंक तथा 33500 गृह कनैक्शन प्रपोज्ड हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम काशीपुर के लिए 346.80 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है और शहर को 7 जोन में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि काशीपुर पेयजल योजना में 15 ट्यूबवेल, 8.95 किसी राइजिंग मेन, 7 ओवर हैड टैंक तथा 15700 गृह कनैक्शन प्रपोज्ड हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, ओसी कलैक्ट्रेट अमृता शर्मा, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम पीएन चौधरी, पीआईयू प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह, ज्योति पालनी, डिजाइन इंजीनियर आदिति पुण्डिर, टाटा कन्सल्टिंग से नासिर शादाब खां, अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह, प्रियंका सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

**शरद पूर्णि पर इस बार...**और कैसे उसे रात भर आकाश के नीचे रखा जाए ? इसका सीधा सा समाधान ये है कि खीर सूतक काल आरंभ होने से पहले ही बना ली जाए और रात्रि कल में चांदनी छिटकते ही इसमें गंगाजल, कुश एवं तुलसी के पत्ते डालकर ,खीर को चांद की रोशनी में खुले आसमान के नीचे रख दिया जाए तथा चंद्र ग्रहण आरंभ होने के पूर्व ही इसे खुले आसमान के नीचे से हटा भी लिया जाए। जिससे ग्रहण के दौरान खाद्य पदार्थों में घुल जाने वाले हानिकारक प्रभाव शरद पूर्णिमा की खीर में ना घुल सके। यहां पर एक विशेष सावधानी यह भी अपेक्षित है कि खीर का सेवन ग्रहण काल के बाद ही किया जाए। यथा संभव अगले दिन। हम अपने पाठकों को बता दें कि भारत में चंद्र ग्रहण 28 अक्टूबर को रात 11.30 बजे से आरंभ होगा और 29 अक्टूबर की रात 02 बजकर 24 मिनट तक चलेगा और इसका सूतक काल 28 अक्टूबर को दोपहर 4:05 पर शुरू होगा तथा चंद्र ग्रहण समाप्त होते ही सूतक काल भी समाप्त हो जाएगा। चंद्र ग्रहण की कुल अवधि एक घंटा 19 मिनट की है। भारत में चंद्र ग्रहण अपने पूर्ण प्रभाव में रात्रि 1:05 से रात्रि 2 बज कर 24 मिनट तक देखा जा सकेगा। इस बार शरद पूर्णिमा 28 अक्टूबर को 04 बजकर 17 मिनट से शुरू होकर 29 अक्टूबर को रात 01 बजकर 53 मिनट पर समाप्त होगी। पूर्णिमा की पूजा इस दौरान ग्रहण कल को छोड़कर कभी भी की जा सकती है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान-पुण्य शुभ फलदाई होता है। शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से युक्त होता है। इसलिए चंद्र दर्शन एवं उसकी विधि विधान से पूजा करने पर विशेष शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं। पौराणिक कथाओं के मुताबिक शरद पूर्णिमा की रात को भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज की धरती में गोपियों संग रास रचाया था। इसलिए शरद पूर्णिमा प्रेंमी युगल और दांपत्य जीवन के लिए काफी खास है। इस दिन राधा कृष्ण की पूजा करने से इंसान के प्यार की उम्र बहुत लंबी होती है। शरीर शरद पूर्णिमा से जुड़ी एक धार्मिक मान्यता यह भी है कि आज के दिन ही समुद्र मंथन में मां लक्ष्मी प्रकट हुई थी। इसलिए आज के दिन मां लक्ष्मी की पूजा आराधना करने का भी रिवाज है। विष्णुप्रिया मां लक्ष्मी की पूजा करने से इंसान को धन और यश की प्राप्ति होती है, तो वहीं इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से इंसान को सुख-शांति की प्राप्ति होती है। जबकि चंद्रमा की पूजा करने से इंसान सुंदर काया का भागीदार होता है और साल भर उसकी काया निरोगी बनी रहती है।

**निजी स्कूल की ...**पास से या घर से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। परिजन आनन फानन में पायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्म हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच कर रही है। इधर परिजनों का आरोप है कि मृतका प्रिंसीपल पायल भारती पर विद्यालय प्रबंधन का कार्य को लेकर अत्यधिक दबाव बना रहता था। जिस कारण पायल पिछले काफी समय से मानसिक तनाव में रहती थी। वहीं दूसरी ओर विद्यालय प्रबंधन ने ऐसे किसी भी आरोप को सिरे से नकार दिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी मृतका के परिजनों को भी दे दी है। पुलिस का कहना है कि मृतका के परिजनों के आने के बाद संभवत: स्थिति कुछ स्पष्ट हो सकेगी।

**अनूप अग्रवाल की ...**आज मीडिया से रूबरू हुए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उनका गला भर आया। कहा कि पिछले लगभग 3 वर्षों से उनका परिवार अनूप अग्रवाल के उत्पीड़न से त्रस्त है। उन्होंने अनूप अग्रवाल को शातिर किस्म का बदमाश बताते हुए कहा कि शहर में दर्जनों लोग ऐसे हैं जो उसके उत्पीड़न का शिकार है। प्रतीक ने बताया कि अन्याय के खिलाफ उनके द्वारा आवाज उठाने के बाद कुछ और भी चेहरे अनूप अग्रवाल के खिलाफ सामने आ सकते हैं। प्रतीक ने कहा कि अनूप अग्रवाल की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उसके साथ कभी भी अनहोनी घटित हो सकती है। प्रेस बातचीत करते हुए प्रतीक ने पुलिस से परिवार के सुरक्षा की गुहार लगाई। प्रतीक ने यह भी बताया कि घटना के बाद से समझौते को लेकर कुछ लोगों के लगातार उसके पास फोन आ रहे हैं। प्रतीक ने आशंका जताई कि जिस आपत्तिजनक वीडियो को अनूप अग्रवाल ने दिखाकर उसे 40 लाख रूपयों की डिमांड किया था कदाचित इस वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया तो उसकी प्रतिष्ठा धूमिल होगी। प्रतीक ने बताया कि घटना के बाद से वह तथा उसका परिवार अनहोनी की आशंका को लेकर घर में कैद है। प्रतीक ने साफ कहा कि यदि उसके या फिर उसके परिवार के साथ किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना होती है तो इसके लिए सीधे तौर पर अनूप अग्रवाल जिम्मेदार है। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रतीक अग्रवाल के साथ पुष्प अग्रवाल, शक्ति अग्रवाल व प्रमोद मिश्रा भी मौजूद रहे।

**रिश्वत लेते रंगे हाथ..**आधार पर एसडीएम, लक्सर तथा नायब तहसीलदार, लक्सर से 13 सितंबर को इस सम्बन्ध में आदेश किये गए। इसके बाद उस पर रिपोर्ट लगवाने की एवज में बछेड़ी खादर क्षेत्र के चकबन्दी लेखपाल वीरपाल द्वारा उससे 7,500 रुपये रिश्वत की माँग की जा रही है। एसपी गुंज्याल ने बताया कि उक्त शिकायत पर विजिलेंस ने जब गोपनीय जाँच की तो प्रथम दृष्टया सही मिला। इस पर गठित ट्रैप टीम ने अभियुक्त वीरपाल पुत्र आशाराम निवासी, 54, पटेलनगर, गणेशपुर, रूड़की, निकट मालवीय चौक, थाना गंगनहर, जनपद हरिद्वार को शिकायतकर्ता से 7500 रुपये रिश्वत ग्रहण करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है। साथ ही, उसके आवास सहित अन्य ठिकानों की भी तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि विजिलेंस निदेशक द्वारा ट्रैप टीम को नकद पुरूस्कार की घोषणा की गयी है।

**कार और ई रिक्शा...** चौक पर सामने से आ रही कार संख्या यूके 18के 6185 ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा क्षतिग्रस्त होकर पलट गया। ई-रिक्शा सवार वाहन चालक 50 वर्षीय बलवीर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी ग्राम सरोवर नगर, 18 वर्षीय राज कौर एवं 18 वर्षीय अनस निवासी ग्राम धीमरखेड़ा बुरी तरह घायल हो गए।राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को कार सेवा के बाबा सादा सिंह के वाहन से स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर पहुंचाया गया । चिकित्सकों द्वारा तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत 108 एंबुलेंस से रुद्रपुर जिला अस्पताल भिजवाया ।

**हथियरों से लैस...**लेकिन राजनैतिक संरक्षण खत्म होने के बाद भी उसकी हरकतों में तब्दीली नहीं आई। आए दिन किसी न किसी को धमकाना उसकी आदत में शुमार बताया जा रहा है। पूर्व में भी थाना कोतवाली में इसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज है।

**समाजसेवी एवं ...** है, वह अपने पीछे तीन बेटियां दो पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी लालकुआं नगर पंचायत की सभासद भी रही है। मृतक मतलीम खान नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अवैध शराब कारोबारी की चांदी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड को मुख्यमंत्री के आदेश के बाद वर्ष 2025 तक पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनाना है। लेकिन उत्तराखंड में नशे का कारोबार पहले की अपेक्षा और भी अच्छी तरह से फल फूल रहा है। नगर के तमाम क्षेत्रों और कॉलोनी के अंदर कच्ची शराब का कारोबार बेखोफ चल रहा है। जिस पर पुलिस संज्ञान लेने को तैयार नहीं है। लगातार शराब के ठिकानों की वीडियो वायरल हो रही है। जहरीली कच्ची शराब इस कदर खुले आम बेची जा रही है कि घरों के अंदर शराब के छोटे-छोटे ठेके बना दिए गए हैं। जहां शराब के शौकीनों के लिए शराब से लेकर पानी गिलास व चकना का भी इंतजाम कर दिया जाता है। ऐसे में बड़ा सवाल खड़ा होता है कि आखिरकार रुद्रपुर क्षेत्र में कच्ची जहरीली शराब धड़ल्ले से बेची जा रही है और पुलिस एक तरफ दावा कर रही है कि 2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्त कर दिया जाएगा। आखिरकार

## एक हाथ में नोट दूसरे हाथ में शराब





रुद्रपुर क्षेत्र में क्या ऐसे ही चलता रहेगा।जहरीली कच्ची शराब से उत्तराखंड में कई लोगों की मौत हो चुकी है। रुड़की में भी कच्ची शराब से दर्जनों लोगों की मौत हुई थी और भी उत्तराखंड के कई जिलों में कच्ची शराब पीने से लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पुलिस को सबक लेने और अवैध शराब कारोबारी पर कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि नशे कारोबारी के हौसले टूटे और कच्ची शराब बंद हो पाए। रुद्रपुर में पुलिस द्वारा अवैध शराब बरामद के तमाम खुलासे किया जा रहे हैं। लेकिन लगभग 3 महीने से कच्ची शराब के किसी बड़े कारोबारी को नहीं पकड़ा गया है नहीं कोई कच्ची शराब का बड़ा खुलासा किया गया है ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि आखिरकार एक तरफ रुद्रपुर क्षेत्र में कच्ची शराब बेची जा रही है और पुलिसआखिरकार बड़े शराब कारोबारी पर क्या कार्रवाई कर रही है। रुद्रपुर क्षेत्र में सबसे ज्यादा कच्ची शराब बिकने वाली कालोनियां संजय नगर, खेड़ा, ट्रांजिट कैंप, रम्पुरा, भदईपुरा, आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी, घास मंडी, राजा कॉलोनी , ठाकुर नगर, शास्त्री नगर, गड्ढा कॉलोनी, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, अरविंद नगर, शिव नगर, नारायण कालोनी, गांधी पार्क आदि जगहों पर छोटे-छोटे मिनी शराब के ठेके बन गए हैं। जिसकी जानकारी संबंधित क्षेत्र की पुलिस को भी है। परंतु निजी स्वार्थों के चलते अवैध शराब के सभी कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जाती है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों को संज्ञान लेना होगा। साथ ही जागरूक लोगों के बैठक लेकर उनसे अवैध शराब कारोबारियों के नाम व पते तथा कारोबार के स्थान की जानकारी लेनी होगी। तभी प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प पूरा हो सकता है।

# आरएएन के एकस भाटिया ने दूरदर्शन पंजाब में दिखाया हुनर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल के कक्षा 5 के छात्र एकस भाटिया ने दूरदर्शन पंजाब के "टैलेंट का महासंग्राम" के अंतर्गत अंतिम दौर में भाग लेकर वाद्य यंत्र (ड्रम) बजाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। एकस ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रमाण पत्र तथा रजत पदक हासिल किया।



उसकी इस उपलब्धि ने माता-पिता तथा विद्यालय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। एकस भाटिया की इस सफलता के लिए विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय, विद्यालय प्रबंधक मोहित राय तथा विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने छात्र एवं उसके अभिभावकों को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उसे संगीत साधना में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# निजी कमरे में ऑफिस चला रहा था पटवारी

## रिपोर्ट लगाने के लिए बकायदा तनख्वाह पर रखें थे वर्कर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। हल्द्वानी बिजिलेंस द्वारा पकड़ा बया पटवारी उप तहसील में न बैंठकर मात्र एक किमी की दूरी पर सुनखरी में किराये का कमरा लेकर ऑफिस का काम निपटा रहा था, जिसके लिए बकायदा तनख्वाह पर रिपोर्ट लगाने के लिए वर्कर भी रखे हुए थे, जो प्रमाण पत्रों व दाखिल खारिज में आख्या रिपोर्ट लगाते थे। जिस पर सवाल उठ रहें है कि किराये के भवन व वर्कर को रखने का अतिरिक्त खर्च कहां से आता था। गौरतलब है कि शुक्रवार को बिजिलेंस की टीम ने सुनखरी में ग्राम ध्यानपुर निवासी द्वारिका प्रसाद की शिकायत पर धान की फसल काटने के ऐवज में उसके पक्ष में रिपोर्ट लगाने के नाम पर 8 हजार रूपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। पटवारी त्रिलोचन सुयाल को बिजिलेंस ने सुनखरी के निजी ऑफिस से रंगे हाथ पकड़ लिया था। हालांकि मौके पर पहुंचे कई पटवारियों ने जबरन पैसे देने का आरोप भी लगाया। लेकिन पटवारी को जिस स्थान से पकड़ा गया,उस कमरें को पटवारी द्वारा किराये पर लिया गया था, बकायदा स्वंय के खर्च से वर्कर भी रखे हुये थे। जो पटवारी के पास आने वाले प्रमाण पत्रों व दाखिल खारिज आदि की रिपोर्ट लगाने का कार्य करते थे। उप तहसील से ग्राम सुनखरी की दूरी मात्र 1कि0मी0 है। ऐसे में उप तहसील में बैंठकर कार्य न करना भी उच्च अधिकारियों की शह माना जा रहा है।

## सम्पत्ति की जांच के लिए बिजिलेंस की टीम पटवारी के गांव हुई रवाना

नानकमत्ता। पटवारी के पकड़े जाने के बाद बिजिलेंस ने पटवारी की सम्पत्ति को ब्यौरा की एकत्र करने के लिए जांच के लिए गठित टीम उसके गांव हेराखान के लिए रवाना हो गई। इसके साथ ही पटवारी को शह देने में किसी उच्चधिकारी का हाथ तो नही इस पर भी बिजिलेंस जांच कर रही है। हल्द्वानी से ट्रेप टीम के उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने बताया कि पटवारी के द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान अर्जित सम्पति का ब्यौरा जुटाने के लिए जांच टीम का गठन किया गया है, जिसका जांच प्रभारी उप निरिक्षक भानु प्रकाश आर्य को बनाया गया है। जिनके नेतृत्व में बिजिलेंस की टीम पटवारी के पैतृक आवास ग्राम हैराखान ब्लाक ओखलखाड़ा रवाना हो गई है। पटवारी का परिवार सितारगंज में रहता है, बिजिलेंस यहां अर्जित सम्पति का भी ब्यौरा जुटा रही है। जांच रिपोर्ट में आय से अधिक सम्पति मिली तो पटवारी की सम्पति जब्त करने की कार्यवाही भी हो सकती है।

# पंजाबी करवाचौथ उत्सव में गायिका सागरिका देब के गानों पर थिरकीं महिलाए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पंजाबी वूमेन क्लब द्वारा तनिष्क पंजाबी करवाचौथ उत्सव का आयोजन धूमधाम से मनाया गया, जिसमें कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। लिम्का बुक ऑफ रिकाड्र्स में नाम दर्ज कर चुकी गायिका सबरीका देब ने मंच पर अपने गीतों से धमाल मचाया। जिसमें सभी पंजाबी महिलाओं एवं बच्चों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। ज्योति गिरधर को करवाचौथ क्वीन का ताज मिला । शैली खनेजा प्रथम रनरअप व अंकिता शर्मा द्वितीय रनरअप रही। मॉम एंड किड रैंप शो में अदिति अरोड़ा, अनाएशा अरोड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, श्रृद्धा चावला, रंश चावला ने द्वितीय व किरन आनंद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता में कामिनी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मेहंदी प्रतियोगिता में बाजी मारी । द्वितीय स्थान पर रिया खुराना व तृतीय स्थान पर जया बोरा विजेता रहे। बेस्ट



आउट ऑफ वेस्ट कंपटीशन में रवनीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । वरदान गुम्बर ने द्वितीय व निधी हजारा तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया अतिथि रूप में रही। मंच का संचालन नीतू साहनी व उपमा सेठी ने किया। क्लब की अध्यक्ष रश्मि राजपाल ने बताया कि सभी महिलाओं की मेहनत से कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाया गया। सभी विजेताओं व प्रतियोगियों को संस्था द्वारा उपहार दिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री पूनम क्वात्रा, सरिता नरूला, अर्चना गुलाटी, रीना मानसेरा, पूजा बग्गा, भूमिका बंगा, संगीता गांधी, नीति थरेजा, नीलिमा सडाना, कनी मल्होत्रा, सोनिया अरोड़ा, शालिनी गुंबर, नैना मल्होत्रा आदि ने सहयोग किया।

